(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)




हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

केजीएफ चैप्टर 2 की सफलता...8



रविवार, 24 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 125 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

### 1971 के युद्ध के दिग्गजों के सम्मान समारोह में बोले राजनाथ

## दुनिया की कितनी बड़ी ताकत हो वो भारत माता की शीश को नहीं झुका सकती

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के वीरों के सम्मान में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के लिए असम पहुंचे। इस दौरान रक्षा मंत्री ने 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में जान गंवाने वाले जाबांजों को याद करते हुए उनके शौर्य को सराहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में विरोधी दल भी होते हैं। मैं विरोधी दलों पर आरोप लगाना नहीं चाहता लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं, जो कभी कुछ ऐसी बात बोल देते हैं जिससे लगता है कि हमारे सेना के शौर्य और पराक्रम को छोटा करके देखा जा रहा है तब मुझे ठेस पहुंचती है। 1971 के युद्ध के दिग्गजों के सम्मान समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस बार इंडो–चाइना के




टकराव के समय मैंने अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को देखा और मेरा भरोसा पक्का हो गया कि दुनिया की कितनी बड़ी ताकत हो वो भारत माता की शीश को नहीं झुका सकती है। असम के राज्यपाल जगदीश मुखी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने कहा कि आप सब जानते ही है कि पिछले साल ही हमने 1971 के युद्ध का 'स्वर्णिम विजय वर्ष' मनाया। पूरे देश में 1971 की लड़ाई का क्या महत्व है वह मैं आज यहां दोहराना नहीं चाहता क्योंकि उससे आप सब अच्छी तरह परिचित है। मगर 1971 की लड़ाई ने भारत को एक स्ट्रैटजिक एडवांटेज दी। पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश के बनने से सबसे अधिक लाभ नार्थ ईस्ट के राज्यों को हुआ है क्योंकि सीमा पर जिस तरह का तनाव वेस्टर्न फ्रंट पर देखने को मिलता है, वह कभी भी भारत–बांग्लादेश सीमा पर नही रहा है। भारत–बांग्लादेश सीमा पर शांति और स्थिरता के कारण और केन्द्र और राज्य सरकारों में आए बेहतर तालमेल का ही परिणाम रहा है कि आज पूर्वोत्तर भारत में शांति और विकास का एक नया दौर प्रारंभ हो चुका है। असम सरकार ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने और देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले राज्य के सशस्त्र बलों के कर्मियों को गुवाहाटी में एक विशेष कार्यक्रम में सम्मानित करने का निर्णय लिया। राज्य सरकार की तरफ से 105 कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने 1971 के युद्ध में हिस्सा लिया था। इनमें से असम के सुरक्षाबलों के 9 कर्मियों के नाम भी शामिल हैं जिन्होंने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## कयासों पर विराम! जानें राजद के इफ्तार पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद नीतीश ने क्या कहा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर आयोजित राष्ट्रीय जनता दल के इफ्तार पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद से बिहार की राजनीति को लेकर तरह–तरह की बातें की जाने लगी। दावा किया जाने लगा कि नीतीश कुमार और आरजेडी की एक बार फिर से नजदीकियां बढ़ने लगे हैं। कुछ लोग तो यह भी कहने लगे कि बिहार में बड़ा खेला होने वाला है। इन सबके बीच आज एक बार फिर से नीतीश कुमार ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। नीतीश कुमार ने कहा कि इस तरह के इफ्तार पार्टी में सभी लोगों को न्योता भेजा जाता है। इसका राजनीति से क्या संबंध है?

नीतीश ने कहा कि इस तरह का आयोजन हम लोग की ओर



से भी होता है। सरकार की ओर से भी हम लोग करवा रहे हैं। सभी पार्टियों को इसमें निमंत्रण दिया जाता है। दूसरी पार्टी के लोग भी इसमें सब को बुलाते हैं। कोई भी बुलाएगा और आमंत्रित करेगा तो जाते ही हैं। सम्मान तो व्यक्त करना ही चाहिए। इसी दौरान नीतीश कुमार से सुशील मोदी के ट्वीट प्रतिक्रिया मांगी गई। इसके जवाब में नीतीश कुमार ने कहा कि यह तो वही बताएंगे। सुशील मोदी ने बोचहां में हुए उपचुनाव में भाजपा को मिली हार के बाद कुछ सुझाव दिए थे।

दूसरी ओर तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमने इफ्तार पार्टी में शामिल होने का न्योता सभी पार्टी के नेताओं को दिया। चाहे भाजपा पार्टी के हो, टप्च हो, स्श्रच के हो, श्रक्न के हो। यह तो परंपरा रही है कि हर दूसरे के इफ्तार में हम लोग हमेशा शिरकत करते रहते हैं। बिहार सरकार में मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि मैंने और सुशील मोदी जी ने इफ्तार दिया था,वहां भी नीतीश कुमार आए थे। यहां तेजस्वी यादव ने इफ्तार दिया है। हमें भी बुलाया गया था, हम आ गए। इसमें कोई राजनीतिक मामला निकालने की जरूरत नहीं है।

## दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा, 'न्याय का बुलडोजर' चलता रहेगा

नयी दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि "न्याय का बुलडोजर" चलता रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) को इसलिए परेशानी हो रही है, क्योंकि उसके वोट बैंक रोहिंग्या मुसलमानों व बांग्लादेशियों को हटा दिया




जाएगा। गुप्ता ने कहा, "मनीष सिसोदिया और 'आप' के अन्य नेताओं के सपने टूट गए, क्योंकि हम उन रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशियों के खिलाफ बुलडोजर का इस्तेमाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनकी उन्होंने (आप नेताओं) दिल्ली में बसने में मदद की थी और बदले में उनकी अवैध गतिविधियों से फायदा उठाया।

## एशियन चौंपियनशिप में रवि दहिया ने जीता गोल्ड

एशियन चौंपियनशिप में भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रवि दहिया ने कजाखस्तान के रखत कालजान के खिलाफ दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए फाइनल में तकनीकी श्रेष्ठता के बूते जीत दर्ज की। इसके साथ ही वह एशियाई चौम्पियनशिप में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। तोक्यो ओलंपिक के रवि ने रजत पदक जीता था। एशियन चौंपियनशिप के मुकाबले की बात करें तो रवि ने अपने सभी मुकाबलों में शुरू में बढ़त गंवा दी थी लेकिन उन्होंने शानदार तरीके से



वापसी करते हुए पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। यह उनका सत्र का दूसरा फाइनल था। उन्होंने फरवरी में डान कोलोव स्पर्धा में रजत पदक जीता था। सोनीपत के नहरी गांव के रहने वाले ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने एक बार फिर अपनी शारीरिक क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता का परिचय देते हुए पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में पहले जापान के रिकुतो अराई को हराया और बाद में मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुड पर 12–5 से शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनायी। खिताबी भिड़ंत में कलजान 'टेक डाउन' से आगे हो गये थे और काफी समय तक उन्होंने भारतीय पहलवान को कोई अंक नहीं लेने दिया। लेकिन अपनी शैली के अनुरूप रवि ने तकनीकी श्रेष्ठता की बदौलत मुकाबले पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने छह लगातार 'टू–प्वाइंटर' हासिल किये और इस दौरान खुद को 'लेफ्ट–लेग अटैक' से भी बचाया जिससे यह मुकाबला दूसरे पीरियड के शुरू में ही खत्म हो गया और भारत ने इस साल टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक जीत लिया। रवि ने दिल्ली में 2020 चरण में और पिछले साल अलमाटी में भी स्वर्ण पदक जीता था।

## प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 226 नये मामले

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,25,940 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 226 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,04,91,163 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 146 लोग तथा अब तक कुल 20,48,055 लोग कोविड–19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 1122 एक्टिव मामले है। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 22 अप्रैल, 2022 को एक दिन में 5,43,297 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,29,03,516 तथा दूसरी डोज 12,85,75,045 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,32,44,549 तथा दूसरी डोज 88,30,492 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 40,28,664 तथा 43,768 दूसरी डोज दी गयी। कल तक 26,68,343 प्रीकॉशन डोज दी गयी है।

## केजरीवाल बोले– भाजपा और कांग्रेस ने हिमाचल को लूटा, आज दोनों मिलकर मुझे गालियां दे रहे

शिमला। हिमाचल प्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में पूरी ताकत झोंक रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज हिमाचल प्रदेश पहुंचे थे




जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ी, आज हिमाचल प्रदेश की जो हालत है वो भाजपा और कांग्रेस की वजह से है। अभी दोनों पार्टियां मिलकर मुझे गालियां दे रही है। मैंने हिमाचल प्रदेश को नहीं लूटा है आप लोगों (भाजपा–कांग्रेस) ने लूटा है। केजरीवाल ने आगे कहा कि कल जयराम ठाकुर जी ने ट्वीट कर कहा हिमाचल में दिल्ली मॉडल नहीं चलेगा। दिल्ली मॉडल का मतलब ईमानदार सरकार है, मैं आपसे पूछता हूं कि हिमाचल में आपको ईमानदार सरकार चाहिए या नहीं चाहिए?

## मथुराः श्रीकृष्ण जन्मस्थान के बाद शाही ईदगाह में कम हुई लाउडस्पीकर की आवाज

मथुरा (उप्र)। देश में लाउडस्पीकर को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकर को नियंत्रित किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री कृष्ण जन्मस्थान पर भी लाउडस्पीकर की आवाज कम कर दी गई थी, अब उससे सटे ईदगाह में जुमे की नमाज के दौरान लाउडस्पीकर नहीं बजा है। अपने आप में मस्जिद कमेटी की ओर से इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि जुमे की नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया गया। शाही ईदगाह मस्जिद के प्राधिकारियों ने कहा कि उन्होंने कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी मस्जिद में लाउडस्पीकर के



इस्तेमाल को नियंत्रित करने का फैसला किया है। शाही मस्जिद के सचिव तनवीर अहमद ने कहा कि मस्जिद से तीन लाउडस्पीकरों को हटा दिया गया है और अब केवल एक लाउडस्पीकर का इस्तेमाल कम ध्वनि के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मस्जिद में इस्तेमाल हो रहे लाउडस्पीकार की आवाज परिसर से बाहर नहीं जाए। अहमद के मुताबिक, यह कदम उस सौहार्द को बनाए रखने के लिए है, जिसके लिए मथुरा प्रसिद्ध है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बुधवार को मस्जिद से सटे श्री कृष्ण जन्मस्थान के भागवत भवन मंदिर में लगे लाउडस्पीकर को हटाने का फैसला मंदिर प्रशासन ने किया था। इससे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में स्थित भागवत भवन की छत पर लगे लाउडस्पीकरों को बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील पर ऐसा किया गया था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि सभी को अपनी धार्मिक विचारधारा के अनुसार उपासना पद्धति को मानने की स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा था कि माइक का उपयोग किया जा सकता है, लेकिन सुनिश्चित करें कि उसकी आवाज परिसर से बाहर न आए और इससे अन्य लोगों को परेशानी ना हो। रामनवमी और हनुमान जयंती के दिन कई जगहों पर साम्प्रदायिक तनाव और हिंसा की घटनाओं की पृष्ठभूमि में योगी ने सोमवार को कहा था कि शोभायात्रा/धार्मिक जुलूस विधिवत अनुमति के बगैर ना निकाले जाएं और अनुमति देने से पहले आयोजक से शांति–सौहार्द कायम रखने के सम्बन्ध में शपथ पत्र लिया जाए।

## मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ पर बोले संजय राउत, राष्ट्रपति शासन लगाने की धमकी मत देना, हम बंटी–बबली के स्वागत के लिए तैयार

मुंबई । निर्दलीय विधायक रवि राणा और उनकी पत्नी व सांसद नवनीत राणा व शिवसेना के बीच जंग लगातार तेज होती जा रही है। नवनीत राणा के हनुमान चालीसा पाठ पर संजय राउत का बयान सामने आया है। राउत ने कहा है कि महाराष्ट्र में माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। मीडिया से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि बाहर का कोई व्यक्ति आकर मातोश्री में घुसने की बात करेगा तो शिवसैनिक चुप बैठेंगे क्या? ऐसा कभी नहीं होगा। संजय राउत ने कहा कि अगर आप हमारे घर तक पहुंचने की कोशिश करेंगे तो हमें जैसे को तैसा करने का




अधिकार है। उसी अंदाज में जवाब देने का। इसके साथ ही राउत ने कहा कि धमकी मत देना राष्ट्रपति शासन लगाने की, कानून व्यवस्था खराब करने का काम आप लोग कर रहे हो। उन्होंने कहा कि मुंबई में बंटी–बबली आ चुके हैं। ऐसे लोगों से निपटने के लिए शिवसैनिक और मुंबई पुलिस सक्षम और मुस्तैद हैं। सांसद नवनीत राणा की बिल्डिंग के बाहर शिवसेना के कार्यकर्ताओं की भीड़ इकट्ठी हो गई है। उनका कहना है कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया है कि शिवसैनिक बैरिकेड्स तोड़कर अंदर कैसे घुस गए। उन्होंने कहा कि उन्हें मातोश्री के बाहर जाने से कोई नहीं रोक सकता और वो अपनी बिल्डिंग के बाहर जाएंगी और मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी करूंगी। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सिर्फ लोगों को जेल में डालना जानते हैं।

## जम्मू में आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, आतंकियों ने कैसे सीआईएसएफ की बस पर किया था हमला

जम्मू कश्मीर। 24 अप्रैल यानी रविवार के दिन धारा 370 के खात्मे के बाद पहली बार केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर जा रहे हैं। लेकिन ये बात पाकिस्तान और उनके पालतू आतंकियों को बर्दाश्त नहीं हो रही। अहले जिनकी आतंकी साजिश को सुरक्षा बलों ने बीते दिनों नाकाम कर दिया। लेकिन अब जम्मू के सुंजुंवा में सीआईएसएफ की टीम पर हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें साफतौर पर नजर आ रहा है कि शुक्रवार की सुबह आतंकियों ने कैसे बस पर ग्रेनेड से हमला किया।



सीसीटीवी फुटेज में सबसे पहले एक मोटर साइकिल आता हुआ नजर आता है। जो बैरिकेड से आगे बढ़कर सड़क के एक ओर रुक जाता है। कुछ ही सेकेंड के उपरांत जैसे ही सीआईएसएफ जवानों को लेकर सीआईएसएफ की बस बैरिकेड के समीप पहुंचती है तो उस पर अचानक से आतंकी हमला कर देते हैं।

सुबह सुंजुंवा इलाके में सीआईएसएफ के एक बस पर आतंकियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी थी। ग्रेनेड से हमला किया। इस हमले में सीआईएसएफ के एएसआई शहीद हो गए और एक जवान घायल हो गया। घटना के बाद दोनों आतंकवादी भागने में कामयाब हो गए। लेकिन कुछ ही मिनटों में दोनों आतंकियों को सुंजुंवा इलाके में सुरक्षाबलों ने घेर लिया। मुठभेड़ शुरू हुई और फिर दोनों आतंकियों को मार गिराया गया। दोनों आतंकियों का संबंध जैश ए मोहम्मद से बताया जा रहा है।



## गोंडा में करोड़पति पिता की बेटी बेच रही चाय,मां के जीवन उपार्जन और दवा के लिए खोली चाय की दुकान , जानिए पिता पुत्री के बीच क्या है मतभेद

गोंडा। आप बहुत कम ही सुने होंगे कि कोई पुत्री अपने पिता के विरुद्ध दो रिपोर्ट भी दर्ज कराएगी होगी । जिला मुख्याल के प्रतिष्ठित मारवाणी व्यापारी भगवान प्रसाद अग्रवाल की बड़गांव पुलिस चौकी से आगे बाईपास पर पूर्व सांसद स्वर्गीय सत्यदेव सिंह के आवास के सामने मशीनरी की दुकान और आवास दोनो है ।भगवान प्रसाद अपनी बड़ी बेटी का शादी कर चुके हैं । जो अपने ससुराल रहती है ।बड़ी बहन से छोटा भाई और उसके बाद एक छोटी बहन सृष्टि अग्रवाल है ।जिसकी अभी शादी नहीं हुई है ।भगवान प्रसाद की पत्नी मानसिक रोगी है जिसका इलाज चल रहा है । बेटी ने पिता पर लगाया आरोप सृष्टि अग्रवाल का आरोप है कि पिता भगवान प्रसाद उसकी मां और उसका ठीक से देखभाल नहीं करते और न ही दवा कराते हैं । जिसके कारण मां की जीविका उपार्जन और दवा के लिये मुझे चाय की दुकान चलानी पड़ रही है ।पिता भगवान प्रसाद का कहना है कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है ।दवा भी करा रहे हैं और खाना का खर्च भी दे रहे हैं ।पुत्री को जेब खर्च के लिये 3500 रुपये महीने दे रहा हूँ। पुत्री और पत्नी को जिस चीज की जरूरत होती है वह सब उपलब्ध कराता हूं केवल मांग के अनुरूप पैसा नही दे रहा हूं ।भगवान प्रसाद ने बताया कि लड़की कॉस्मेटिक की ब्यूटी पार्लर की व अन्य किसी की दुकान कर ले मैं भर्ती भी दे दूंगा और दुकान भी मेंटेन करा दूंगा ।बस चाय की दुकान न करे । चाय की दुकान पर गलत लोगों का जमावड़ा हो रहा है और मेरी नाक भी कट रही है । घर मे विवाद होने के कारण पुत्री ने लिखाया था मुकदमा पिता पुत्री के विवाद को लेकर दर्जनों बार पुलिस व स्थानीय लोग समझौता भी करा चुके हैं ।बावजूद इसके लडकी मानने को तैयार नहीं है ।उसके द्वारा बार – बार यही आरोप लगाया जाता है कि पिताजी ठीक से हम लोगों से बात नहीं करते ।अश्लील गाली देते हैं । विवाद को लेकर दो बार पिता के ऊपर मारपीट का मुकदमा भी नगर कोतवाली में दर्ज करा चुकी है ।

## श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में मनाया गया पृथ्वी दिवस

गोण्डा।प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें,अपने पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अपनी भूमिका सुनिश्चित करें, उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के तुलसी सभागार में वन विभाग गोंडा एवं शास्त्री डिग्री कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए वन विभाग की एस डी ओ अर्शी मलिक ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो रविंद्र कुमार सभी छात्र छात्राओं को वैज्ञानिक जीवन शैली अपनाने ,वृक्षारोपण करने एवम् पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। उक्त कार्यक्रम में इस वर्ष के मुख्य विषय श इनवेस्ट ऑन अवर प्लैनेटष विषय पर भाषण एवम वाद– विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र – छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया ।भाषण प्रतियोगिता में दीपांशी श्रीवास्तव,श्रृष्टि शुक्ला ,खुशी पांडे , वाद विवाद प्रतियोगिता में अमन शुक्ला ,संध्या यादव,अनुष्का गर्ग ने क्रमशःप्रथम द्वितीय एवम् तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ नीतू सक्सेना, कृष्ण मोहन त्रिपाठी ने अपने विचार रखे ।डॉ रेखा शर्मा ने सफल मंच संचालन किया ।डॉ रंजन शर्मा, डॉ अजीत मिश्रा ,डॉ रमित पटेल, क्षेत्रीय वनाधिकारी इलियास अहमद, वन दरोगा अभिषेक प्रताप का सहयोग सराहनीय रहा।

## अव्यवस्था से बिलबिलायी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राये

गोंडा।कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय करनैलगंज का उपजिलाधिकारी करनैलगंज के निर्देश पर नायब तहसीलदार रंजन वर्मा ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने छात्राओं से भोजन व रहने के बारे में पूछा तो बच्चों ने बताया की भोजन समय से नहीं मिलता है भोजन सामग्री सही व समय से न मिलने व लाइट की व्यवस्था ठीक न होने के साथ साथ अनेको समस्या बताई। नायब तहसीलदार ने रसोई,स्टॉक रूम ,सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो कमियां मिलीं है और बच्चों द्वारा अनेको समस्या बताई गई है उसकी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को दे दी गयी है। एसडीएम करनैलगंज हीरा लाल ने बताया कि जांच में खामियां मिली हैं रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी वार्डेन अंकिता सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# 25 हजार की इनामी शातिर महिला गिरफ्तार

### धोखाधड़ी व गबन सहित गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में दो वर्षों से चल रही थी फरार

मिल्कीपुर–अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध पर रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस को बड़ीघ सफलता हाथ लग गई है। कुमारगंज वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से एक दर्जन मुकदमों में वांछित एक शातिर धोखेबाज एवं 25 हजार रुपए की इनामिया अपराधी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम पकड़ी गई शातिर महिला को थाने ले आई जहां उसके विरुद्ध कुमारगंज थाने में दर्ज 8 गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि कुमारगंज थाना क्षेत्र सहित विभिन्न जनपदों में फ्राड पोंजी अनीबुलियनध्आईविजन फ्राड कम्पनी बनाकर लोगों का रूपया जमा कराने वाली कंपनी क्षेत्रवासी लोगों का धन दोगुना करने का झांसा देकर निवेश कराने के उपरांत फरार हो गई थी। जिसके बाद निवेशकर्ता ग्रामीणों ने डायरेक्टर वांछितध्पुरस्कार घोषित अभियुक्ता नीलम कौशल पत्नी ज्ञानचंद कौशल निवाासिनी बीही निदूरा थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं गबन सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। धोखाधड़ी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं के मुकदमों में वांछित महिला नीलम कौशल पत्नी ज्ञानचंद कौशल विगत काफी दिनों से फरार चल रही थी। जिसकी गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आरके श्रीवास्तव एवं थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर दी गई थी। एसएसपी अयोध्या द्वारा फरार शातिर अपराधी महिला पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया गया था।थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम एवं एसओजी सर्विलांस प्रभारी रतन शर्मा को वांछित 25 हजार की इनामिया शातिर अपराधी महिला के कुमारगंज कस्बा स्थित गिरजा मोड़ पर मौजूद होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिन्हें देख शातिर महिला भागने की फिराक में थी। किंतु पुलिस टीम में मौजूद महिला कांस्टेबलों में दौड़ाकर वांछित शातिर अपराधी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम पकड़ी गई अपराधी महिला को थाने ले आई। जहां उसके विरुद्ध विभिन्न जनपदों के थानों में दर्ज धोखाधड़ी सहित गंभीर आपराधिक मुकदमों के आरोप में थानाध्यक्ष वीर सिंह ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रमुख रूप से थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह, एसओजी प्रभारी रतन शर्मा, उप निरीक्षक शंकरलाल यादव, उप निरीक्षक कमलेश साहनी एवं उप निरीक्षक उमेश कुमार वर्मा के साथ कांस्टेबल पंकज कुमार, राहुल सिंह एवं महिला कांस्टेबल अकांक्षा मिश्रा व कामिनी कुशवाहा शामिल रहीं। हम अपनी प्रकृति बचाएं एवं करें संरक्षित, नहीं तो भविष्य में पृथ्वी पर मनुष्य का जीवित रह पाना होगा मुश्किल– कुलपति, डॉ बिजेंद्र सिंह।

## कारगर साबित हो रही है डायल 112 योजना, निपटाया 40 साल पुराना विवाद

इटियाथोक गोण्डा।प्रदेश सरकार की डायल 112 पुलिस गाड़ी योजना लोगों की सुरक्षा के लिए कारगर साबित हो रही है। डायल पुलिस न केवल लोगों की जान बचा रही है, बल्कि लोगों की पुलिस समय पर न पहुंचने की धारणा को भी बदल रही है।इस पुलिस का मुख्य उद्देश्य समय पर पहुंचकर लोगों की सुरक्षा करना है।जोकि डायल 112 गाड़ी पर तैनात पुलिस भली भांति कर रही है।इसी कड़ी में धानेपुर थाने की डायल पुलिस का मित्रवत व्यवहार सामने आया है।दरअसल, पीआरवी के सिपाहियों ने मेहनौन ग्राम पंचायत निवासी निसार अहमद और मुजीबुल खां के बीच 40 वर्षों से चले आ रहे जमीनी विवाद को लेकर न केवल निपटाया बल्कि दोनों को गले मिलवा कर पूरे मामले का पटाक्षेप किया।मामले में प्रधान प्रतिनिधि रामू सिंह की महती भूमिका रही।

## जिलाधिकारी ने किया वर्चुअल रूप से किया राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी श्रुति द्वारा राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा वर्चुअल रूप से की गई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पायलट प्रोजेक्टध्स्वामित्व योजना के तहत नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर घरौनी बनाए जाने के कार्य कि समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी एसडीएम को स्वामित्व योजना में तेजी लाते हुए चिन्हित ग्रामों में घरौनी बनाने का कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया। अवैध अतिक्रमण हटाए जाने एवं भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी एसडीएम को सरकारी भूमि आदि पर अवैध कब्जा तथा अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने का निर्देश दिया गया। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन पत्रों का शतप्रतिशत निस्तारण किए जाने तथा निर्धारित समयवधि के भीतर इन प्रमाण पत्रों को जारी किए जाने का निर्देश दिया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने में कोताही न बरते जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम द्वारा दिव्यांगों का परीक्षण करते हुए निर्धारित समय अवधि के भीतर प्रमाण पत्र जारी किया जाए। वृद्धा वस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, पारिवारिक लाभ के आवेदन पत्रों के सत्यापन की जांच निर्धारित समयवधि के भीतर करते हुए संबंधित विभाग को प्रेषित किए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तीनों तहसीलों के तहसीलदार, समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# शारदा सहायक नहर में गिरी कार, ती की मौत, दो घायल

### देर रात हुआ हादसा, बारात में शामिल होकर वापस जा रहे थे टांडा की ओर

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में आयोजित वैवाहिक समारोह में शिरकत के बाद वापस जा रहे बारातियों की एक कार थाना पुरा कलंदर क्षेत्र में शारदा सहायक नहर में जा गिरी। देर रात हुए इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 2 को गंभीर हाल में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक और घायल पड़ोसी जनपद अंबेडकर नगर के निवासी थे और बारात में शिरकत के बाद वापस टांडा की ओर जा रहे थे। बताया गया कि जनपद के पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित गांव पूरे पहलवान मैं एक मौर्या बिरादरी के शख्स के यहां लड़की की शादी थी। बरात पड़ोसी जनपद अंबेडकर नगर के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र से आई थी। इसी बारात में शामिल होने दूल्हे के कुछ मित्र और शुभचिंतक भी एक कार यूपी 32 एमई 1631 से आए थे। द्वारचार के बाद कार सवार सभी पांच लोग रसूलाबाद–दर्शननगर मार्ग से वापस टांडा की ओर जा रहे थे। इसी बीच रात लगभग 10:30 बजे बारातियों को ले जा रही कार रात के अँधेरे में गंगोली गांव के निकट शारदा सहायक नहर में जा गिरी। मामले की जानकारी पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव के लिए स्थानीय गोताखोरों तथा राज्य आपदा मोचन बल की टीम को मौके पर बुला लिया। घंटे भर चली मशक्कत के बाद टीम ने एक–एक कर लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। ट्रैक्टर की मदद से नहर से कार को भी बाहर निकलवाया गया।

जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि हादसे में पड़ोसी जनपद अंबेडकर नगर के इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र स्थित निवासी 25 वर्षीय अतुल कुमार पांडेय पुत्र राम शंकर पांडेय को रात 11:45 बजे मृत अवस्था में, वहीं के रहने वाले 23 वर्षीय रवि शर्मा पुत्र विष्णु शर्मा को 11.50 पर तथा 30 वर्षीय श्रवण कुमार पांडेय पुत्र राजेंद्र प्रसाद पांडेय को 11.58 बजे मृत अवस्था में लाया गया। चिकित्सक की ओर से मृतक घोषित किए जाने के बाद तीनों के शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के फार्मासिस्ट विजय वर्मा ने मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवा दिया। वही 12:15 बजे इल्तिफातगंज के ही रहने वाले 42 वर्षीय अरविंद कुमार पुत्र स्वर्गीय अनिरुद्ध कुमार तथा 25 वर्षीय विजय पांडेय पुत्र अमरनाथ पांडेय को एंबुलेंस का चालक और ईएमटी जिला अस्पताल लेकर आया। दोनों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। हादसे के बाबत क्षेत्राधिकारी अयोध्या रामकृष्ण चतुर्वेदी ने बताया कि मामले की जानकारी पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम से की ओर से बचाव और राहत कार्य शुरू कराया गया। हादसे में अंबेडकर नगर की इल्तिफातगंज निवासी तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि दो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना मृतकों और घायलों के परिवारीजनों को दी गई है।


## अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दर्दनाक मौत

कर्नलगंज,गोण्डा । क्षेत्र के गोण्डा लखनऊ मार्ग राजमार्ग स्थित सिकिहा मोड़ पर एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक करीब साठ वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्नलगंज भेजवाया गया। जहाँ से डॉक्टरों द्वारा उन्हें नाजुक हालत में रेफर कर दिया गया लेकिन गोण्डा पहुँचने से पहले ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। घटना क्षेत्र कर्नलगंज के अन्तर्गत गोंडा लखनऊ राजमार्ग के ग्राम सिकिहा के पास की है, उक्त संबंध में जानकारी देते हुये सिकिहा गांव निवासी रामजी गोस्वामी ने बताया कि कर्नलगंज के गौरवा खुर्द (साईं तकिया) निवासी मोहम्मद सफी उम्र करीब 60 वर्ष साईकिल से कहीं जा रहे थे, इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर उन्हें घायल कर दिया और फरार हो गया। जिन्हें सड़क पर तड़पते देखकर स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया तथा परिजनों को सूचना दी गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को सीएचसी से डाक्टर द्वारा रेफर कर दिए जाने के बाद गोंडा ले जाते वक्त रास्ते में बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी शिकायतें, जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के



निस्तारण के लिए माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना द्वारा थाना रेहरा बाजार एवं थाना उतरौला में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचकर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जिलाधिकारी द्वारा महिला अपराधों में तत्काल कार्यवाही किए जाने, भूमि विवाद आदि के मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण किए जाने, थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने, लंबित शिकायतों का तत्काल निस्तारण किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम उतरौला संतोष कुमार ओझा, क्षेत्राधिकारी उतरौला उदय राज सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार, उतरौला व अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# देवगांव में अधेड़ की हत्या के सातों आरोपी गिरफ्तार

### गैर इरादतन हत्या में तरमीम किया गया था मुकदमा


मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव में मामूली सी बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल अधेड़ की मौत के मामले में वांछित चल रहे सातों आरोपियों को थानाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए हत्या आरोपियों को थानाध्यक्ष ने उनके विरुद्ध पहले से दर्ज मुकदमें को गैर इरादतन हत्या में तरमीम करते हुए हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बीते बुधवार की प्रातः करीब 8:30 बजे देवगांव एवं सुरती का पुरवा निवासी आधा दर्जन लोगों द्वारा ट्रैक्टर कोल्हू लेकर तेल पेराई करने जा रहे ट्रैक्टर चालक युवक अशर्फीलाल को लाठी–डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया गया था। हल्ला शोरगुल सुनकर अशर्फीलाल के चाचा आसाराम एवं उनके परिवार के कई लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। मारपीट में अशर्फीलाल एवं अशर्फीलाल के भाई को भी गंभीर चोटे आई थी। इसके अलावा चाचा आसाराम मारपीट में घायल होकर लहूलुहान हो गए थे और उन्हें बेहोश हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने आसाराम को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। बीते बुधवार की देर रात करीब 9:30 बजे आसाराम की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई थी। बृहस्पतिवार को मृतक का शव पैतृक गांव लाया गया था जहां भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में मृतक के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया था। मृतक के भतीजे की तहरीर पर थानाध्यक्ष ने दर्ज मु अ सं 81ध22 के तहत हत्या के प्रयास के मुकदमें को धारा 147, 304, 34, 323, 504, 506 तरमीम कर दिया है। हत्या के आरोप में सातों आरोपी फरार हो गए थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी देवगांव उपनिरीक्षक मनीष कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर दिया था। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी। पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त अनवर अहमद पुत्र अयूब निवासी देवगांव, कल्लू नाई उर्फ मोहम्मद दानिश पुत्र मो इदरीश निवासी सुरती का पुरवा, नवसाद पुत्र मोहम्मद हसन निवासी देवगांव तथा रिजवान पुत्र मो इस्लाम उर्फ कल्लू निवासी देवगांव को फजलपुर सिक्स लेन के नीचे से एवं बाल अपचारी मो तालिब उर्फ मो तालीम उम्र करीब 13 वर्ष, मो इबरारी उर्फ इबूरार उम्र करीब 16 वर्ष तथा मो रसीद उर्फ चांद बाबू उम्र करीब 14 वर्ष को उधारन पुर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। थानाध्यक्ष ने सातों आरोपियों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनीष कुमार चतुर्वेदी के अलावा उप निरीक्षक अभिषेक सिंह तथा कांस्टेबल मनोज कुमार, अशोक चौहान, संदीप कुमार, धर्मेंद्र सिंह, सूरज कुमार एवं नरेंद्र कुमार शामिल रहे

## जिलाधिकारी ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा

### महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों में वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने का दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जिलाधिकारी श्रुति द्वारा अभियोजन कार्यों के 13



बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा महिला सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान की अवधि में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश शासकीय अधिवक्ता एवं संबंधित अभियोजन अधिकारियों को दिया गया। पोस्को अधिनियम अपराध में 1 माह के अंदर अभियुक्त को सजा दिलाए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष अपर पुलिस, अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, सीओ सिटी वरुण मिश्र, सीओ ललिया राधा रमण सिंह, अभियोजन अधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।

# भिटिया में हवन एवं भण्डारे के साथ सम्पन्न हुई श्रीमद्भागवत कथा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र के भिटिया गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा शनिवार को हवन व विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। कथा में कथा व्यास पं राम लला के द्वारा कृष्ण सुदामा मित्रता, उद्धव ब्रज गमन की कथा सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। यज्ञमान ई सूर्यनारायण चौबे द्वारा हवन का अनुष्ठान संपन्न हुआ। श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण व सुदामा जी बाल सखा थे। विद्यार्थी जीवन से ही दोनों लोगों में अपार प्रेम व स्नेह रहा। आर्थिक विपन्नता पूर्ण जीवन से सुदामा जी का परिवार तंग हो गया था। तब उनकी पत्नी सुदामा जी को उनके बचपन के मित्र द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के पास भेजा। सुदामा जी का श्रीकृष्ण जी से मिलन के परिणामस्वरूप उनकी गरीबी दूर हो गयी। श्रीकृष्ण स्वंय के महल जैसा सुदामा पूरी का निर्माण कराया व सभी सुख सुविधा उपलब्ध कराई। श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता एक आदर्श मित्र के तरह थी। उद्धव के ब्रज गमन प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए आचार्य ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण उद्धव को ब्रज में जब ज्ञान का उपदेश देने के लिए भेजने लगे तो उन्होंने मन में विचार किया कि कहां मैं देव गुरु बृहस्पति का शिष्य और कहां हो ब्रज के निरा गवार ग्वाल बाल। जब मैं वहां जाकर के अपनी वेदों की भाषा में उपदेश करूंगा तो भला ब्रज के वह ग्वाल बाल मेरे विद्वता की भाषा को क्या समझेंगे। उन्हें अपने ज्ञान का अभिमान था। लेकिन जब उद्धव ब्रज में पहुंचे तो वहां पर भक्ति और प्रेम का प्रवाह देख कर के उद्धव की ज्ञान की गठरी ब्रज वासियों के प्रेमाश्रु प्रवाह में बह गई। अंत में उद्धव जब लौटकर कृष्ण के पास आए तो उन्होंने भगवान श्री कृष्ण से कहा कि प्रभु अब आपके पास ज्ञानी उद्धव नहीं भक्त उद्धव खड़ा है। आपने जो भक्ति ब्रज वासियों को प्रदान की है वही पावन भक्ति मुझे भी प्रदान करने की कृपा करें। आचार्य ने स्पष्ट किया कि निरा ज्ञान होने पर ज्ञानाभिमान हो जाता है, जो व्यक्ति के पतन का कारण बनता है। जब ज्ञान में भक्ति का मिश्रण हो तब कभी भी व्यक्ति का पतन नहीं हो सकता और उसे ईश्वर की कृपा प्राप्त हो जाती है। भगवान को प्राप्त करने के लिए भगवान के बारे में सुनो या भगवान का दर्शन करो। अतः भगवान का दर्शन पाना अत्यंत ही कठिन है। इसलिए मार्ग बचा है केवल श्रवण का इसलिए भगवान की कथा अवश्य सुने। इस अवसर पर यज्ञमान ई सूर्य नरायन चौबे, गिरीश चन्द चतुर्वेदी, रमेश चंद, सारिका, मानिक, सच्चिदानंद चौबे आदि श्रद्धालु रहे।

# ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम में कुष्ठ रोग टीवी रोग मानसिक रोग सहित आदि जांच व गोद भराई अन्नप्राशन और एलोपैथ आयुर्वेद होम्योपैथिक सहित दर्जनों विभाग का लगा स्टाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोल/गोरखपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।मेले का उद्घाटन चिल्लुपार के विधायक राजेश त्रिपाठी के प्रतिनिधि बतौर मुख्य अतिथि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठीने विशिष्ट अतिथि नित्यानंद मिश्रा शत्रुघ्न कसौधन महेश उमर ब्लॉक प्रमुख कुसुमावती देवी चेयरमैन लालती देवी के साथ विधि विधान से फीता काट कर किया। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में मानसिक रोग योगा वेलनेस सुपोषण स्वास्थ्य बाल विकास पुष्टाहार टेलीकंसल्टेशन आभा हेल्थ आईडी एलोपैथ आर्युवेद होम्योपैथिक युवा कल्याण विभाग खाद्य विभाग महिला बाल विकास विभाग सहित कई विभाग के स्टॉल भी लगाए गए और कुष्ठ रोग टीवी रोग आदि बीमारियों की जांच तथा गोद भराई अन्नप्राशन जैसे छोटे बच्चों को अन्न खिलाना सहित अन्य कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इसके पश्चात सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही 895 मरीजों की जांच व दवा का वितरण भी किया गया। युवा कल्याण खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को खेल कीट भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसी लिए ग्रामीण स्तर पर सरकार मेले का आयोजन कर रही है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सराहनीय है।विशिष्ट अतिथि एडिशनल सीएमओ डॉ गणेश यादव द्वारा स्वास्थ्य मेले में लोगों को विस्तार से जानकारी दियागया।कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि नित्यानन्द मिश्र शत्रुघ्न कसौधन महेश उमर दुर्गेश मिश्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष गोला देवेश निषाद व संचालन डॉ नीतू चंद्रा ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर डा आर के राहुल डा रजनीश राहुल डा वी के राय डा अमित शाही डा अमित सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि मुराली प्रसाद विद्याधर पांडेय डॉ बृजभूषण मिश्र आनंद मिश्र सोनू श्रीवास्तव प्रियंका यादव संतोष कुशवाहा संजय सिंह अरुण मिश्रा सोनू भारती पूनम मौर्य सहित अन्य चिकित्सक व स्टाफ सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व आशा बहुएं मौजूद रही।

# पिपराईच थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक, शांति व्यवस्ता बनाए रखने की गई लोगो से अपील

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। आगामी त्योहार ईद और अक्षय तृतीया को लेकर पिपराइच थाने पर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पीस कमेटी बैठक कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे ईद उल फितर व अक्षय तृतीया सकुशल संपन्न हो सके। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पिपराइच थाने पर पीस कमेटी के सदस्यों से कहा कि ईद उल फितर व अक्षय तृतीया एक ही दिन पड़ रहे हैं, जिस कारण पुलिस को दोनों त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराना एक बडी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि ईद के दिन जुमा की नमाज भी पढी जाती है और वहीं अक्षय तृतीया को सोने चांदी की खरीदारी बड़ी उत्सुकता के साथ महिलाएं दुकानों पर पहुंचकर करती हैं जिस समय लोग अपने भाई बंधुओं से मिलने उनके घरों पर जाते हैं, जिस कारण उस समय कोई विवाद उत्पन्न होने की संभावना नहीं है। लेकिन फिर भी कोई विवाद की स्थिति पैदा न हो उसके लिए पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें दोनों समुदाय के सामाजिक लोग उपस्थित रहें। जिन्होंने अपना अपना पक्ष रखते हुए दोनों त्योहार शांति पूर्वक संपन्न कराने का वचन भी दिया।



# गोला ब्लॉक में बैंक सखियों का हुआ नियुक्ति

## प्रमाण पत्र देते– हुए बैंक शाखा प्रबंधक साथ मे बैंक सखी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। सूबे सरकार की व्यवस्था राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एन आर एल एम के द्वारा गोला ब्लॉक में खुशबू पासवान को नियुक्ति किया गया इस खुशी पर समूह की महिलाओं में काफी उत्साह दिखा समूह की महिलाओं ने मिठाई बांटकर मुंह मीठा कराया बैंक सखी खुशबू पासवान ने बताया इस मिशन का उद्देश्य गरीबों के लिए टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देना है ताकि वे गरीबी से बाहर आ सकें। गरीबों के संस्थानों का उद्देश्य औपचारिक क्रेडिट तक पहुंच बनाना है आजीविका के विविधीकरण और मजबूती के लिए समर्थन और एंटाइटेलमेंट और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच बनाना है वही समूह की महिला अनीता देवी ने बताया गरीब ग्रामीणों को सक्षम और प्रभावशाली संस्थागत मंच प्रदान कर उनकी आजीविका में निरंतर वद्धि करना, वित्तीय सेवाओं तक उनकी बेहतर और सरल तरीके से पहुंच बनाना और उनकी पारिवारिक आय को बढ़ाना है।उपस्थित समूह की महिलाएं ने अनीता मनसा लीलावती इसरावती मालती अनुराधा सोनम शशिकला ने खुशियां जाहिर की।



# जमीनी विवाद में चली ईट पत्थर

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार छितरापार में जमीनी विवाद में आपस में लोगो ने ईट पत्थर फेंकने लगे जिसमे दर्जनों लोग घायल हो गए और ईट पत्थर फेंकने की तस्वीर भी वायरल हुई थी छत पर से ईट पत्थर फेंकने लगे घटना स्थल पर पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया गया और घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टर ने रेफर कर दिया घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया की घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया है और मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रकरणों के निस्तारण में लाए तेजी

बस्ती। उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग राम नरेश पासवान ने समीक्षा बैठक किया। सर्किट हाउस सभागार में जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार इत्यादि की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रकरणों को तेजी से निस्तारित करने तथा राजस्व विभाग के विवादों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उपाध्यक्ष ने वर्तमान सरकार की नीतियों को पारदर्शिता के साथ लागू करने तथा दृढ़ इच्छाशक्ति, अच्छी छवि के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। सर्किट हाउस सभागार में उन्होने जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात किया। जनपद में समाज कल्याण द्वारा संचालित छात्रावासों व वृद्धाश्रम का निरीक्षण भी किया गया तथा संवासियों से संतोषजनक वार्ता की गई। उक्त के अतिरिक्त उन्होने अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण किया तथा ग्राम पंचायत बेलहरा का क्षेत्रीय भ्रमण भी किया तथा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से मुलाकात की गई तथा जनसुनवाई आयोजित कर समस्याएं निस्तारित की गई ।

# 24 घण्टे बाद बहाल हुई दर्जनों गांवों की विद्युत आपूर्ति

बस्ती। विद्युत उप केंद्र भानपुर के सोनहा फीडर से जुड़े दर्जन भर गांवों में जहां लगभग 24 घण्टे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। वहीं विद्युत उप केंद्र भानपुर के अन्य फीडरों समेत विद्युत उप केंद्र दसिया से संबद्ध गांवों में भी लगभग 10 घण्टे तक आपूर्ति बाधित रही। भानपुर तहसील के रुधौली थाना क्षेत्र के परसा पुरई गांव के पास शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे 33 केवीए एचटी लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। उक्त लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण भानपुर व दसिया उप केंद्रों की आपूर्ति ठप हो गई। शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे भानपुर व दसिया के कर्मचारियों द्वारा अथक प्रयास कर तार जोड़कर आपूर्ति बहाल कराई गई। रात भर बिजली न रहने से उपभोक्ताओं को रतजगा करना पड़ा। वहीं विद्युत उप केंद्र भानपुर के सोनहा फीडर की 11 केवीए एचटी लाइन शुक्रवार दोपहर में ही ब्रेक डाउन का शिकार हो गई। फलस्वरूप सोनहा फीडर से जुड़े सोनहा, कोठिला, आहर, मंडफ, कोरियाडीह, तेलियाडीह, पिटाउट, चिरैयाडाँड़, बस्थनवा, बरहपुर, चौरा, गिधनी, मधुवन, रामनगर, धौरपारा, सिकंदरपुर, गौहनिया, चौकवा समेत दर्जनों गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। बुधवार देर शाम लगभग 8 बजे चौकवा गांव के पास लगे टी ऑफ से से चिरैयाडाँड़ की तरफ जाने लाइन को खोलकर आपूर्ति बहाल कराई गई। लेकिन लगभग 3 घण्टे बाद ही 33 केवीए की लाइन में ब्रेक डाउन आ जाने से भानपुर व दसिया उप केंद्रों की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। रात भर बिजली न आने से लोगों को गर्मी व मच्छरों के प्रकोप से परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपभोक्ता मोतीलाल चौधरी, बृज मंगल सिंह, राज नरायन यादव, इस्लाम, संजीव त्रिपाठी, राम सुभग मौर्य, विनोद राजभर, राजेश गुप्ता, अपूर्व सिंह का कहना है कि रात भर बिजली न आने से उन्हें करवटें बदलकर रात काटनी पड़ी। पिछले कुछ दिनों से विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। ऊपर से लो वोल्टेज की समस्या खड़ी हो गई है। प्रयाप्त वोल्टेज न रहने के कारण पंखे, वाटर पनप व रेफ्रिजरेटर ठीक से नहीं चल रहे हैं। उप खण्ड अधिकारी रुधौली मनोज कुमार ने बताया कि परसा पुरई गांव के पास तार टूट कर जमीन पर गिर गया था। उसे ठीक कराकर आपूर्ति बहाल करा दिया गया। बाद में सोनहा फीडर की भी आपूर्ति बहाल करा दी गई।

# गोरखनाथ मंदिरः पेश की मिशाल,अब मंदिर से बाहर नहीं जा रही लाउडस्पीकर की आवाज

गोरखपुर। श्धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर की आवाज उतनी ही आनी चाहिए, जिससे किसी को असुविधा न होश। यह निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के लिए जारी करने के साथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर पीठ और उससे जुड़े मंदिरों में लागू भी कर दिया है। गोरखनाथ मंदिर सहित उससे जुड़े सभी मंदिरों में लगे लाउडस्पीकर की आवाज कम कर दी गई है। अब गोरखनाथ मंदघ्रि में बजने वाले भजन की आवाज मंदघ्रि परघ्सिर से बाहर नहीं जा रही है। सभी मंदिरों में भजनों की गूंज अब परिसर से बाहर नहीं जा रही है। उसे ध्वनि प्रदूषण के मानक स्तर से कम कर दिया गया है। मंदिर प्रबंधन के मुताबिक भजन बजाने वाले को इस बाबत सख्त निर्देश दे दिया गया है। गोरखनाथ मंदिर और जिले में उससे जुड़े मानसरोवर मंदिर, मंगला माता मंदिर, रामजानकी मंदिर, सोनबरसा मंदिर में प्रतिदिन सुबह चार से साढ़े सात बजे यानी साढ़े तीन घंटे तक और शाम को पांच से साढ़े सात बजे यानी ढाई घंटे तक लाउडस्पीकर से भजन बजाया जाता है। माहौल में भक्ति भाव घोलने के लिए भजनों की गूंज ध्वनि प्रदूषण के मानक से काफी अधिक रहती थी। गुरुवार को जब उन्होंने इस आवाज को कम रखने का निर्देश प्रदेश भर के धार्मिक स्थलों के लिए जारी किया तो उसे गोरक्षपीठ पर भी पूरी सख्ती से लागू करके अन्य धार्मिक स्थलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। मंदिर प्रबंधन के मुताबिक अब भजनों की गूंज मंदिर परिसर से बाहर नहीं जा रही। उसे ध्वनि प्रदूषण के सामान्य स्तर 45 डेसीबल के आसपास ही रखा जा रहा है। ऐसा गोरक्षपीठ से जुड़े मंदिरों में सुनिश्चित किया जा रहा है। अब किसी भी धार्मिक स्थल पर नया लाउडस्पीकर न लगने पाए, यह भी मुख्यमंत्री का निर्देश है।

सांसद रवघ्किशन ने की मुख्यमंत्री की सराहना– सांसद रवि किशन ने बिना अनुमति जुलूस न निकालने और धर्मस्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज धीमी करने को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर और नाथ पीठ से जुड़े अन्य मंदिरों में लाउडस्पीकर की आवाज करवा कर समूचे प्रदेश के लिए मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री का यह निर्णय वर्तमान स्थित को देखते हुए अति आवश्यक था। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह इस निर्णय को धर्म के चश्मे न देखें। लोगों की सुविधा के नजरिए से देखें। अनावश्यक तेज आवाज से बहुत से लोगों को काफी परेशानी होती है। ध्वनि प्रदूषण के मानक का भी उल्लंघन होता है।

# फरियादियों की समस्याओं का किया जाए निराकरणः एडीजी जोन

गोरखपुर। चौरीचौरा थाने पर एडीजी जोन समाधान थाना दिवस पर पहुचे एडीजी जोन थाने पर आए हुए फरियादियों की समस्या का निराकरण करने का दिया निर्देश आज शनिवार विधानसभा चुनाव 2022 शुरू होने से पहले 8 जनवरी 2022 को समाधान थाना दिवस आयोजित किया गया था शासन के निर्देशानुसार महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को समाधान दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया गया उसके अनुपालन में आज शनिवार को एडीजी जोन अखिल कुमार चौरीचौरा थाने पहुंचकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना थाने पर अधिकतर मामले जमीनी विवाद के आए हुए थे एडीजी जोन थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि जमीनी विवाद के मामले में बीट प्रभारी व राजस्व टीम को मौके पर भेजें जिससे उसके समस्याओं का समाधान त्वरित हो सके किसी भी फरियादी को थाने पर बार–बार ना बुलाया जाये उसके समस्याओं का निराकरण किया जाए जिससे फरियादी बार–बार परेशान ना हो अगर फरियादी के जमीनी विवाद में न्यायालय में मामला चल रहा है तो फरियादी को बताया जाए कि न्यायालय से मामला निस्तारण होने के बाद थाना दिवस पर आए जिससे उसके मामले का निस्तारण किया जा सके।

# सरयू नदी की धारा में फंसी कंबाइन मशीन

बस्ती। दुबौलिया ब्लाक क्षेत्र के दलपतपुर गांव के पास सरयू नदी में कंबाइन मशीन पानी के बहाव में फंस गई।हालांकि उसे निकालने के लिए किसान टैक्टर से खीचकर बाहर निकला। सरयू नदी के उस पार गेहूं काटने के लिए किसान कंबाइन मशीन नदी की धारा के बीच से ले जाने की कोशिश कर रहे थे तभी दलपतपुर गांव के सामने नदी के तेज बहाव के चलते वह फस गया हालांकि आपरेटर ने अपनी सूझबूझ से मशीन के इंजन को बंद नहीं होने दिया और दूसरी तरफ गेहूं कटाई करने का इंतजार कर रहे किसानों ने जब मशीन को नदी में फंसा देखा तो आनन–फानन किसानों ने माझा क्षेत्र में चल रहे टैक्टर बुलाए और नाव के सहारे रस्सी से बांधकर खींच कर बाहर निकाला।

# बीएसए ने किया डुमरी निवास में स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ

## बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालयों में नामांकन जरूरीः रजनीश द्विवेदी

गोरखपुर । शनिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरी निवास में जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार सिंह ने स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ किया । रैली में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हमारे आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें एक योग्य नागरिक बना सकते हैं । हम सभी को संकल्प लेना है कि हमारा एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे और वह अपने जीवन में सफलता के मार्ग को प्राप्त करें । अपने आस पास के सभी बच्चों का नजदीकी विद्यालयों में प्रवेश कराकर उन्हें शिक्षा से जोड़ना होगा । आज यही संकल्प लेकर हम अपने विद्यालयों में जाएं । रैली को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी पाली रजनीश कुमार द्विवेदी जी ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों के अंदर जागरूकता लाना है उन के माध्यम से बच्चों को विद्यालय से जोड़ना है क्योंकि एक भी बच्चा छूटा तो हमारा संकल्प टूटा । उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि हम अपने बच्चों का सर्वांगीण विकास करें जिससे उनकी अंतर्निहित शक्तियों का विकास हो, क्योंकि बच्चों के अंदर भगवान का वास होता है और हमें इन्हीं बच्चों के अंदर भगवान का दर्शन करना होगा । बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालयों में नामांकन होना जरूरी है । रैली के दौरान आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों से घर–घर जाकर संपर्क किया और उन्हें बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया । रैली का स्वागत भाषण उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक पाली अध्यक्ष विपिन बिहारी दुबे तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेम नारायण चौबे ने किया । रैली में प्रमुख रूप से जनार्दन धर दुबे,ग्राम प्रधान बृजेश यादव ,मनीराम यादव, अविनाश त्रिपाठी, मयंक मिश्रा, सौरभ राज ,कुलदीप धर दुबे, अभिनव मद्धेशिया ,कृष्ण गोपाल पांडेय , अभिषेक सिंह, सीमा सिंह, रजनीश त्रिपाठी, राजकुमार यादव, संजीव कुमार राय, विमलेश यादव, सरोज गौतम, संदीप राज , संदीप भारती,लोकनाथ गुप्ता, प्रकांत सिंह, रवि पांडेय, अनिल विश्वकर्मा, विनय वर्मा, उमेश यादव, शिवेंद्र द्विवेदी, आलोक नायक, राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे । रैली का संचालन मारकंडेश्वर नाथ चौबे ने किया रैली का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# सोनहा में 11 व वाल्टरगंज थाने में 9 शिकायतों का हुआ पंजीकरण

बस्ती। सोनहा व वाल्टरगंज थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सोनहा में उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व के 10 व पुलिस से संबंधित 1 शिकायत का पंजीकरण किया गया। राजस्व से संबंधित 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया गया। सिद्धार्थनगर जनपद के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के भैरिहवा निवासी पूजा गुप्ता ने शिकायत किया कि उसकी शादी थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी गणेश गुप्ता पुत्र कृष्ण गोपाल गुप्ता के साथ हुई थी। पारिवारिक विवाद के बाद न्यायालय द्वारा 3 हजार रुपये गुजारा भत्ता व 500 रुपये किराया देने का आदेश दिया गया है। लेकिन उनके द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। एसडीएम ने मामले की जांच का निर्देश दिया। तहसीलदार केशरी नन्दन तिवारी, प्रभारी निरीक्षक सोनहा विजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी असनहरा राम देव, उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव, दयानंद यादव, राजस्व निरीक्षक प्रविंद गिरि, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, लेखपाल कुअरलाल ,जय प्रकाश, अरुण यादव, संतोष चौधरी आदि मौजूद रहे। वहीं वाल्टरगंज में थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस पर राजस्व के 8 व पुलिस से संबंधित 1 शिकायत का पंजीकरण किया गया। राजस्व के 1 शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया गया। उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह, मिर्जा वाहिद बेग, जितेंद्र मिश्र, सुभाष मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

**सात साल बीत रहे हैं लेकिन जो काम अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है, सरकार उसे भी पूरा करने की ठान ले तो सारे विश्व में भारत का डंका बजने लगेगा। मैंने अपने पहले और दूसरे स्वास्थ्य मंत्री श्री ज.प्र. नड्डा और डॉ. हर्षवर्धन से अनुरोध किया था कि वे एलोपेथी समेत सभी पेथियों को ...**

# भारत कैसे बने चिकित्सा का विश्व-केंद्र?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को विश्व स्तरीय बनाने के लिए गुजरात के जामनगर से एक नए अभियान का सूत्रपात किया। उन्होंने कहा है कि भारत के इस आयुष–अभियान में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपेथी आदि सभी पारंपरिक चिकित्साओं का योगदान होगा। इन चिकित्सा पद्धतियों को विश्वव्यापी बनाने के लिए कुछ नए कदम भी उठाए जाएंगे, जिसका नाम होगा– आयुष वीजा। यहां मेरा सुझाव यह है कि इस आयुष–वीजा का शुल्क सामान्य वीजा शुल्क से आधा क्यों नहीं कर दिया जाए? पड़ौसी देशों के लाखों–करोड़ों नागरिक इस पारंपरिक चिकित्सा के मुरीद हैं।

यह चिकित्सा एलोपेथी के मुकाबले बहुत सस्ती है। इसका लाभ पड़ौसी देशों के मध्यम और गरीब वर्ग के लोग भी उठा सकें, इसका इंतजाम भारत सरकार को करना चाहिए। पड़ौसी देशों के जिन लोगों का भारत में सफल इलाज होता है, वे और उनके परिवार के लोग सदा के लिए भारतभक्त बन जाते हैं।

यह बात मैं अपने अनुभव के आधार पर कह रहा हूं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि हमारी औषधियों पर सरकार एक श्आयुष चिन्ह्य भी जारी करेगा, जो उनकी प्रामाणिकता की गारंटी होगी।

भारत की पारंपरिक औषधियों का प्रचलन सभी पड़ौसी देशों में लोकप्रिय है। यहां तक कि चीन में भी ऐसी भारतीय औषधियां मैंने देखी हैं, जिनके नाम चीनी वैद्यों ने अभी तक मूल संस्कृत में ही रखे हुए हैं। हमारी आयुष औषधियों का व्यापार पिछले 7 वर्षों में तीन अरब से बढ़कर 18 अरब डॉलर का हो गया है। इस क्षेत्र में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण का योगदान अपूर्व और अतुलनीय है।

यदि केरल की तरह भारत के हर जिले में ऐसे पारंपरिक चिकित्सा केंद्र खुल जाएं तो भारत की आमदनी खरबों डॉलर तक पहुंच सकती है। चिकित्सा–पर्यटन की दृष्टि से भारत दुनिया का सबसे बड़ा केंद्र बन सकता है। भारत में लाखों–करोड़ों नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। ऐसे आयुष–केंद्र सभी पड़ौसी देशों में भारत खोल सकता है।

सात साल बीत रहे हैं लेकिन जो काम अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है, सरकार उसे भी पूरा करने की ठान ले तो सारे विश्व में भारत का डंका बजने लगेगा। मैंने अपने पहले और दूसरे स्वास्थ्य मंत्री श्री ज.प्र. नड्डा और डॉ. हर्षवर्द्धन से अनुरोध किया था कि वे एलोपेथी समेत सभी पेथियों को मिलाकर चिकित्सा का नया पाठ्यक्रम तैयार करवाएं और मेडिकल की पढ़ाई भारतीय भाषाओं के जरिए हो।

यदि ऐसा हो जाता तो चिकित्सा–विज्ञान में एक नए इतिहास का सृजन होता और विश्व में भारत का झंडा फहराने लगता। इस समय सारी दुनिया चिकित्सा के नाम पर चलनेवाली भयंकर लूट–पाट से परेशान है। यदि भारत समग्र चिकित्सा पद्धति का विकास कर सके तो दुनिया के दीन–हीन लोगों को उसका सबसे ज्यादा फायदा होगा।

## सतर्क होने की जरूरत

भारत को चीन में बनी हालत से सबक लेना चाहिए। कुछ महीनों पहले तक चीन की जीरो कोविड नीति अपनी सफलता के लिए जानी जाती थी। लेकिन अब वहां 40 से भी ज्यादा शहरों में पूरा या आंशिक लॉकडाउन लागू है। शंघाई में लागू कोविड लॉकडाउन के दौरान तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

कोरोना महामारी की नई लहर आने का संकेत हर रोज पुख्ता होता जा रहा है। जब पोजिटिविटी रेट में तेज बढ़ोतरी होने लगे, तो मतलब साफ है कि संक्रमण फैल रहा है। दिल्ली में दो हफ्तों के अंदर पोजिटिविटी रेट आधा फीसदी से बढ़ते हुए पौने आठ प्रतिशत तक पहुंच गई है। दूसरे कई राज्यों में भी ऐसा ही ट्रेंड है। हैरतअंगेज है कि इसके बावजूद खतरे की घंटी उस तरह नहीं बज रही है, जैसा अब तक हो जाना चाहिए था। दिल्ली में तो सोमवार तक मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं किया गया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिक फुर्ती दिखाई है, जिसने लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा समेत कई जिलों में मास्क की अनिवार्यता लागू कर दी है। भारत को असल में चीन में बनी हालत से सबक लेना चाहिए। कुछ महीनों पहले तक चीन की जीरो कोविड नीति अपनी सफलता के लिए जानी जाती थी। लेकिन अब वहां 40 से भी ज्यादा शहरों में पूरा या आंशिक लॉकडाउन लागू है। पिछले महीने शंघाई में लागू किए गए कोविड लॉकडाउन के दौरान तीन लोगों की मौत हो चुकी है। यहां हर दिन हजारों लोग कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित हो रहे हैं।

शंघाई में हुई ताजा मौतों से पहले चीन में कोविड–19 की वजह से आखिरी मौत 19 मार्च को उत्तर–पूर्वी जिलिन प्रांत में दर्ज की गई थी। वो तकरीबन एक साल से ज्यादा के वक्त में पहली मौत थी। चीन जीरो कोविड नीति के तहत सख्त लॉकडाउन पर जोर देता आया है। हर दिन बड़ी संख्या में लोगों के टेस्ट और लंबे समय के लिए लोगों को क्वारंटीन करके चीन ने अपने देश में बीमारी को बड़े पैमाने पर फैलने से रोका था। ये तब की बात है जब पूरी दुनिया कोरोना से कराह रही थी। लेकिन अब ये नीति भी चीन को कोरोना संक्रमण के फैलाव से बचाने में नाकाम होती नजर आ रही है। चीन के हांगकांग में कोविड 19 के जनवरी में सिर उठाने के बाद अब तक नौ हजार लोगों की मौत दर्ज हो चुकी है। उधर अमेरिका से भी खबर है कि वहां महामारी का नया दौर आने के तमाम संकेत हैं। वहां कई राज्यों ने मास्क की अनिवार्यता लागू कर दी है। साफ है, महामारी अभी कहीं गई नहीं है। यह घूम–फिर कर लौट रही है। भारत को इससे आगाह रहना चाहिए।

# मगर, बुलडोजर बाकी दुनिया बर्दाश्त नहीं करेगी

**राजनीति में बुलडोजर को जब बढ़ाये रखना है, तो संभव है आने वाले दिनों में हमें–आपको भारतीय दंड संहिता में बदलाव दिखे। यह सवाल प्रतिपक्ष संसद में पूछ सकता है कि दंगा–फसाद वाले इलाकों में सरकार ने 2014 के बाद कितने घरों को बुलडोजर से ढहा दिये ? इन आंकड़ों से ही तय हो जाएगा कि डबल इंजन की सरकार जहां–जहां है, वहां अबतक आईपीसी का कितना पालन, और दुरूपयोग ...**

ऐसा नहीं है कि जो कुछ भारत में हो रहा है, उससे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अनभिज्ञ हों। इसे संयोग भी न मानें कि गुरूवार को गुजरात के पंचमहल स्थित जेसीबी फैक्ट्री में एक बुलडोजर पर चढ़कर बोरिस जॉनसन फोटोऑप करा रहे थे। हमने इन्हें राजनीतिक रूप से शून्य, और मृतप्रायरू मान लिया था। फिर अचानक एक चेहरा देखा बुलडोजर के सामने। निडर, निर्भीक। ऐसी भंगिमा, जैसे महिषासुर मर्दिनी किसी दमनकारी दानव के आगे खड़ी हो। जहांगीरपुरी की वह तस्वीर इतनी वायरल हुई कि दुनिया के कोने–कोने में समकालीन राजसत्ता के सितम की दास्तां जेरे बहस हो गई। सितम नहीं होता, तो देश के सुप्रीम कोर्ट को दखल देने की जरूरत नहीं पड़ती। रामनवमी का जुलूस पुलिस सुरक्षा में निकले। पथराव, फायरिंग, हाकी स्टिक से लेकर तलवारें तक भांजी जाएं, और दूसरे दिन पता चलता है कि उस शोभा यात्रा को शासन की ओर से अनुमति ही नहीं थी। दिल्ली पुलिस फिर सुरक्षा क्यों दे रही थी उस शोभा यात्रा को? गृह मंत्रालय में वो कौन लोग हैं, जो बड़े अफसरों व वर्दीधारियों को निलंबन से बचा रहे हैं? पहले इंदौर, भोपाल, उज्जैन, खरगोन में बुलडोजर की कार्रवाई, फिर दिल्ली में उसकी प्रशासनिक पुनरावृत्ति। अर्थात, जिस इलाके में पथराव हो, गुंडा तत्व कोई कांड करे, उस इलाके को अतिक्रमण हटाने के नाम पर बुलडोजर से रौंद दो। इस देश में एक नये किष्म का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम दरपेश है, जो सात लोक कल्याण मार्ग की सहमति से आयद हुआ है। सत्ताधारी इन बातों के आदी हो चुके हैं कि अधिक से अधिक सोशल मीडिया पर लोग मजम्मत करेंगे। राहुल गांधी कड़ी निंदा करेंगे, कांग्रेस, सपा व टीएमसी फैक्ट फाइंडिंग टीम भेजेगी। ये सब हुआ भी। असदुद्दीन ओवैसी ने तुर्कमान गेट से जहांगीरपुरी की तुलना कर यह बताना चाहा कि हम मुद्दा घुमा देने में माहिर हैं। मुसलमानों को लगना चाहिए कि कोई उनकी ओर से बोला तो। मगर, किसी ने कल्पना नहीं की थी कि इन बयानबाजियों के बरक्स वृंदा करात जैसी जीवट महिला अकेली बुलडोजर के आगे यकायक खड़ी हो जाएगी। जेएनयू के दिनों में जब भी हम थिएटर में हिस्सा लेते, शैलेन्द्र का एक गीत जरूर गाते थे– श्तू जिंदा है, तू जिन्दगी की जीत में यकीन करध् अगर कहीं है स्वर्ग तो, उतार ला जमीन पर।श दशकों बाद आज उस गीत की याद इसलिए आ रही है, क्योंकि हमने इस देश की राजनीति में वामपंथ को लगभग मृत सा मान लिया था। इस सोच को केरल में थोड़ी–बहुत सांस लेते देखना भी बहुतों को बर्दाश्त नहीं। जहांगीरपुरी में प्रतिरोघ के बाद क्या वामपंथी राजनीति के फिर से प्रस्फुटित होने की संभावना बनने लगी है? इस सवाल को मैं यहीं छोड़े जा रहा हूं। सवाल प्रतिपक्ष के उन नेताओं से भी है, जो ट्विटर–फेसबुक को ही प्रतिरोध का माध्यम मान बैठे हैं, जिन्होंने सड़क पर उतरना लगभग छोड़ दिया है। जो जहांगीरपुरी में जांच टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं, मगर जो सौ के लगभग परिवार उजाड़ दिये गये, उनके आबोदाना–आशियाना के उपाय नहीं ढूंढ रहे। अरे, आपके सरकार विरोधी बयानों का फोटो फ्रेम बनाकर रखें क्या? जो उजड़ चुके, उनके लिए कुछ पैसे का इंतजाम करो, ताकि वो दो जून रोटी खा सकें। ऐसा नहीं है कि जो कुछ भारत में हो रहा है, उससे ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अनभिज्ञ हों। इसे संयोग भी न मानें कि गुरूवार को गुजरात के पंचमहल स्थित जेसीबी फैक्ट्री में एक बुलडोजर पर चढ़कर बोरिस जॉनसन फोटोऑप करा रहे थे। पश्चिम की जेबीसी व बुलडोजर निर्माता कंपनियां तेजी से भारतीय बाजार में पसरी हैं। इनमें ब्रिटिश कंपनी जेसीबी का भारतीय अधोसंरचना के क्षेत्र में दबदबा है। जेबीसी व बुलडोजर आज की तारीख में न सिर्फ निर्माण के काम आ रही हैं, विध्वंस के रूप में इन मशीनी दैत्यों की पहचान भारत में बनने लगी है। विध्वंसकारी सत्ता भी व्यापार का अवसर देती है, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरे बोरिस जॉनसन ने अच्छे से महसूस किया होगा। यूपी चुनाव के बाद सत्ता पक्ष ने मान लिया है विपक्ष के मनोबल को तोड़ने और त्वरित कार्रवाई के लिए बुलडोजर का अधिकाधिक इस्तेमाल किया जा सकता है। बुलडोजर से दहशत, दबदबा का सृजन होता है, इस मनोविज्ञान को श्बाबा बुलडोजर नाथश ने पकड़ लिया है। यूपी चुनाव के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वो इसी नाम से प्रसिद्ध हुए थे। लेकिन क्या यह नाकारात्मक नहीं है? होता, तो मानवाधिकार के लिए लड़नेवाले बोरिस जॉनसन कैमरे के सामने बुलडोजर पर फांदकर चढ़ने से परहेज करते। कोई पूछ सकता है कि पत्थरबाजी या दंगा–फसाद के अभियुक्तों के मकान तुरंत–फुरत ढहा देने का प्रावधान भारतीय दंड संहिता में है क्या? सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच के जस्टिस एलएन राव व बीआर गवई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यही प्रश्न किया था। उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल से पूछा गया कि यदि जहांगीरपुरी में फुटपाथ व सड़क का अतिक्रमण हो रखा था, तो उसे खाली कराने के वास्ते क्या कोई नोटिस पहले से जारी की गई थी? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के पास इस प्रश्न का जवाब नहीं था। मगर कोर्ट को सॉलिसिटर जनरल ने दूसरी दलील दी। उन्होंने मध्यप्रदेश के खरगोन में रामनवमी के दिन हिंसा के बाद पुलिस कार्रवाई का उदाहरण दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुसार, श्खरगोन में मध्यप्रदेश शासन ने 88 हिन्दुओं और 26 मुसलमानों के घर बुलडोजर से ढहा दिये थे। मगर, जहांगीरपुरी में बुलडोजर से मकान गिरा देने की कार्रवाई को कम्युनलाइज किया जा रहा है।श सवाल कुछ, और जवाब उससे बिल्कुल अलग।

# कोरोना से सचमुच कितने लोग मरे!

**एक तरफ सरकार के लोग बताते हैं कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और अब भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है और दूसरी ओर कह रहे हैं कि सारी दुनिया भारत के खिलाफ साजिश कर रही है? दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती हैं। असल में यह कोई साजिश नहीं है, बल्कि यह हकीकत है, जो भारत में भी कुछ अखबारों, पत्रिकाओं, गैर सरकारी संस्थाओं आदि के आकलन से जाहिर ...**

अजीत द्विवेदी

यह यक्ष प्रश्न बन गया है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से भारत में कितने लोगों की मौत हुई? बुधवार 20 अप्रैल की सुबह तक भारत सरकार के आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक पांच लाख 22 हजार छह लोगों की मौत कोरोना वायरस के संक्रमण से हुई है। मरने वालों की संख्या के लिहाज से अमेरिका और ब्राजील के बाद भारत दूसरे स्थान पर है और दुनिया भर में हुई 62 लाख 28 हजार से ज्यादा मौतों में भारत का हिस्सा 12 फीसदी है। लेकिन क्या सचमुच भारत में दो साल की महामारी में इतने ही लोग मरे? यह सवाल इसलिए है क्योंकि दुनिया इस आंकड़े को नहीं मान रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन से लेकर दुनिया की तमाम वैज्ञानिक संस्थाएं, जर्नल्स, अखबार, पत्रिकाएं, गैर सरकारी संस्थाएं इस आंकड़े को स्वीकार नहीं कर रही हैं। उनका आकलन है कि भारत में जो संख्या बताई जा रही है उससे आठ गुना ज्यादा यानी करीब 40 लाख मौतें हुई हैं।

अब सवाल है कि दुनिया कैसे इस निष्कर्ष पर पहुंची और सचाई कैसे सामने आएगी? इसके लिए सबसे पहले मौतों का आकलन करने के वैश्विक मॉडल और भारत सरकार के मॉडल के फर्क को समझना होगा। ध्यान रहे भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लुएचओ और दूसरी विश्व संस्थाओं के मॉडल में कमी निकाली है। लेकिन वह एक सरकारी नजरिया है, जिस पर वस्तुनिष्ठ तरीके से विचार करने की जरूरत है। डब्लुएचओ या दूसरी वैश्विक संस्थाओं का मॉडल बहुत सरल है। उन्होंने हर साल होने वाली मौतों का औसत आंकड़ा लिया और कोरोना महामारी की अवधि में हुई मौतों की संख्या के आंकड़े को उसके बरक्स रखा। मौत के सालाना औसत आंकड़े से ज्यादा जितनी भी मौतें कोरोना काल में हुई हैं, उनको कोरोना से हुई मौत माना गया। इसके उलट सरकार सिर्फ उन्हीं मौतों को कोरोना से हुई मौत मान रही है, जिनमें मौत का कारण कोविड–19 का संक्रमण दर्ज किया गया है।

भारत सरकार कह रही है कि डब्लुएचओ का मॉडल गड़बड़ है लेकिन असल में सरकार के मॉडल में कमी है। सरकार मृत्यु प्रमाणपत्र में दर्ज कारण के आधार पर गिनती कर रही है। लेकिन सबको पता है कि भारत में शहरी इलाकों में ही मृत्यु का पंजीयन होता है या मृत्यु प्रमाणपत्र बनाया जाता है। छोटे शहरों और कस्बों में भी ऐसा नहीं होता है। ऊपर से कोरोना महामारी में जितने लोग अस्पताल में इलाज के लिए गए उससे कई गुना ज्यादा लोग अस्पताल नहीं जा सके और घरों में दम तोड़ दिया। गांवों में इस तरह की अनगिनत मौतें हुईं। गंगा किनारे शव दफनाए जाने या गंगा नदी में शव बहाए जाने की तस्वीरें और वीडियो सारी दुनिया ने देखे। क्या ये सारी मौतें सरकार के खाते में दर्ज हुई हैं? देसी और विदेशी दोनों मीडिया ने श्मशानों के बाहर शवों की कतार दिखाई और चिता जलाए जाने के लिए 24 घंटे या उससे भी ज्यादा के इंतजार की खबरें दीं। गैर सरकारी संस्थाओं ने हजारों शवों के अंतिम संस्कार कराए। शहरों के श्मशानों में जगह कम पड़ गई तो शहर से दूर छोटे कस्बों में जाकर लोगों को अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करना पड़ा। इस तरह की घटनाओं और इनकी मीडिया कवरेज का इशारा भी इस तरफ है कि असली संख्या वह नहीं है, जो सरकार बता रही है।

सरकार मान रही है कि किसी व्यक्ति को कोरोना का संक्रमण हुआ और जिस दिन संक्रमण का पता चला उसके बाद एक निश्चित अवधि के भीतर उसकी मौत हो गई, वहीं असल में कोरोना से मरा है। क्या इससे वास्तविक तस्वीर सामने आ सकती है? अनेक लोगों की मौत कोरोना का संक्रमण ठीक होने के कई महीने बाद हुई। लांग कोविड की वजह से अभी तक लोग मर रहे हैं। अनेक लोगों में कोरोना संक्रमित होने के लक्षण नहीं दिखे और मौत हो गई। अनेक लोग इलाज के लिए अस्पताल नहीं जा सके और उनकी मृत्यु हो गई। अनेक लोग दूसरी बीमारियों से ग्रसित थे, जिन्हें कोरोना महामारी की वजह से अस्पतालों में जगह नहीं मिली, इलाज नहीं मिल सका और वे मर गए। क्या ऐसी सारी मौतें कोरोना के खाते में नहीं लिखी जानी चाहिए?

ध्यान रहे किसी एक संस्था ने यह निष्कर्ष नहीं निकाला है कि भारत में 30 या 40 लाख या उससे भी ज्यादा मौतें हुई हैं। अलग अलग संस्थाओं ने अलग अलग तरीकों का इस्तेमाल करके अपने अपने निष्कर्ष निकाले हैं और हैरानी की बात है हर निष्कर्ष यहीं बताता है कि भारत में जितनी मौतें बताई जा रही हैं, असल में उससे छह से आठ गुना ज्यादा मौतें हुई हैं। सबसे पहले दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका श्साइंस्य ने जनवरी में बताया कि भारत में कोरोना की वजह से 30 लाख से ज्यादा मौतें हुई हैं। इसके बाद दूसरी प्रतिष्ठित पत्रिका श्लैंसेट्य ने बताया कि भारत में 40 लाख या उससे ज्यादा मौतें हुई हैं। इसके मुताबिक दुनिया भर में जो श्एक्सेस डेथ्य हुई है यानी हर साल होने वाली औसत मौतों से ज्यादा जो मौतें हुई हैं उनमें से एक चौथाई मौत सिर्फ भारत में हुई है। इसके मुताबिक अमेरिका, ब्राजील, मेक्सिको और रूस में जितनी श्एक्सेस डेथ्य हुई है, उससे ज्यादा अकेले भारत में हुई है। भारत के आंकड़ों को लेकर यह भी निष्कर्ष है कि भारत ने वास्तविक संख्या से आठ गुना कम संख्या बताई है, जबकि वैश्विक औसत तीन गुने का है। यानी दुनिया में जितनी संख्या बताई गई है, उससे तीन गुना ज्यादा मौत हुई है, जबकि भारत के आंकड़ों से आठ गुना ज्यादा मौतें भारत में हुई हैं। तीसरी रिपोर्ट विश्व स्वास्थ्य संगठन की है, जिसका प्रकाशन अभी नहीं हुआ है और जिस पर भारत ने सवाल उठाया है। डब्लुएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कोरोना वायरस की महामारी की वजह से 40 लाख से ज्यादा मौतें हुई हैं।

भारत में इन दिनों यह चलन हो गया है कि विश्व संस्थाओं का जो आंकड़ा अपने अनुकूल नहीं होता है उसे खारिज कर दिया जाता है और जिसमें सरकार की तारीफ होती है उसकी वाह–वाही की जाती है। इसी चलन के मुताबिक श्साइंस्य, श्लैंसेट्य और डब्लुएचओ के आंकड़ों पर सवाल उठाया जा रहा है। सवाल है कि क्या सारी दुनिया की बौद्धिक जमात और विश्व संस्थाएं मिल कर भारत के खिलाफ साजिश कर रही हैं, जो उसके आंकड़े बढ़ा–चढ़ा कर बता रही हैं? एक तरफ सरकार के लोग बताते हैं कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और अब भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है और दूसरी ओर कह रहे हैं कि सारी दुनिया भारत के खिलाफ साजिश कर रही है? दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती हैं। असल में यह कोई साजिश नहीं है, बल्कि यह हकीकत है, जो भारत में भी कुछ अखबारों, पत्रिकाओं, गैर सरकारी संस्थाओं आदि के आकलन से जाहिर हो चुकी है। इसलिए भारत को सचाई स्वीकार करके ज्यादा से ज्यादा पीडिघ्त परिवारों को राहत मुहैया करानी चाहिए और ऐसी पारदर्शी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता संदिग्ध न हो।



# पर्यावरण बचाएंगे तभी सुरक्षित रहेगी धरती: शलभ मणि

देवरिया। भाजपा विधायक डा.शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि मानव व जीव जंतुओं को भविष्य में अनेक गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए पर्यावरण बचाएंगे तभी धरती सुरक्षित रहेगी और जीवन बचेगा। वह शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की तरफ से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत पेड़, जानवर या इंसानों को होती है। पृथ्वी वह सब कुछ हमें प्रदान करती है। इसीलिए पृथ्वी को माता कहा गया है। पृथ्वी के संरक्षण के लिए हम सभी को पौधरोपण करने की जरूरत है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार में पृथ्वी के संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान को बढ़ावा मिला है। जनपद के किसान पृथ्वी के संरक्षण के लिए अपने खेतों के किनारे पौधरोपण करें। इस मौके पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। विधायक डा.शलभ मणि व उपस्थित लोगों ने आम, अशोक समेत कई अन्य फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर रितेश शर्मा, नसीम मंसूरी, बृजेश वर्मा, मनीष कुमार, कुंवर प्रताप सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, संतोष सिंह, बृजेश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

देवरिया। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर निकटवर्ती वात्सल्य वैली प्री स्कूल बरारी बैतालपुर में बच्चों ने पुष्प और वृक्ष लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। नन्ने मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। इस दौरान स्कूल के छात्र अर्नव मणि, रिशु सिंह, सात्विक पाण्डेय, शिवाय तिवारी, संस्कृति प्रजापति, आराध्या पांडेय, प्रियल चतुर्वेदी, युवराज पासवान, प्रिया मिश्रा, प्राची और आर्यन ने पेंटिग बनाई और पौध लगाकर समाज को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिका गरिमा जायसवाल, प्रतिभा सिंह, चांदनी सिंह, कालिन्दी, प्रीति, कृष्णनाथ राय आदि मौजूद रहीं। लार संवाददाता के अनुसार लार युवा मोर्चा के सदस्यों ने उपनगर के साथ ही पिडी, रामनगर, करचो, बभनौली समेत अन्य जगहों पर पौधरोपण किया। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष विशाल कुमार गुप्त, फहीम अनवर लारी, प्रियेष नाथ त्रिपाठी, शिशिर राय, सज्जू लारी, महासचिव वसीम अहमद लारी मौजूद रहे। गड़ेर संवाददाता के अनुसार विश्व पृथ्वी दिवस पर कृषक विद्या मंदिर में पौध रोपण किया गया। इस दौरान प्रबंधक राघवेंद्र वीर शाही, डा.वाईके तिवारी, जितेन्द्र सिंह, अखिलेश मिश्र, राजीत यादव, चन्द्रभूषण शाही मौजूद रहे।

## छत की कुंडी से लटका मिला युवक का शव

नौतनवा। थाना क्षेत्र के नगर पालिका नानक नगर वार्ड में दोपहर छत की कुंडी से एक युवक का शव लटका मिला। सूचना पर सीओ व इंस्पेक्टर मय फोर्स पहुंच गए। ताला तोड़कर शव को उतरवाया और अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। मौलान आजाद नगर निवासी भाभी रूखसाना ने बताया कि दोपहर दो बजे पप्पू उर्फ मल्लन घ्कुरैशी के घर पहुंची, तो चौनल अंदर से ताला बंद था। काफी देर तक आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। आसपास के लोगों को आवाज लगाते हुए जब पर्दा हटाकर देखा तो आंगन में सामने रस्सी से देवर का शव लटका नजर आया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मृतक पप्पू चार भाइयों में सबसे छोटा था, उसके तीनों बड़े भाई अलग–अलग रहते हैं। वह अकेला नानक नगर वाले घर में रहता था। बकरी ब्रिकी करने का व्यापारी था। बड़े भाई लड्डन ने बताया कि भाई कहीं किसी भाई के घर भोजन कर लेता था और यही आकर सो जाता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उसको क्या दिक्कत थी, ऐसा कदम क्यों उठा लिया, इस संबंध में कहना मुश्किल है। सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला आत्महत्या का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरे प्रकरण की जानकारी होगी।

# उपेक्षा का शिकार सोनवल का राम जानकी तालाब

सिदुरिया। मिठौरा ब्लाक के सोनवल गांव में स्थित राम जानकी तालाब ऐतिहासिक धरोहर है। इसकी खूबसूरती देखने लायक है। पूर्व में शाही सेना यहां पर आकर पड़ाव डालती थी, लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते कई वर्षो से न तो इस तालाब का सुंदरीकरण कराया गया और न ही इसके उद्धार की कोशिश। वर्तमान में न सिर्फ इसका अस्तित्व घटता जा रहा है, बल्कि तालाब में इन दिनों जंगली शैवाल फैल जाने से पानी भी दूषित हो गया है। यह हाल तब है जब इसके जीर्णोद्धार को लेकर ग्रामीण भी मुख्य विकास अधिकारी से गुहार लगा चुके हैं। सोनवल गांव के पूरब में आठ एकड़ भू–भाग पर फैले इस तालाब के चारों तरफ विशालकाय वृक्षों में पीपल, पाकड़, आम और सागौन के वृक्ष इसकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। ग्रामीण रामबहाल पटेल, दीपक यादव, रामजियावन यादव ने बताया कि तालाब का इतिहास रहा है कि इसका पानी कभी भी सूखता नहीं था, लेकिन पिछले कई वर्षों से सुंदरीकरण न होने से इसका अस्तित्व समाप्त होते जा रहा है। इन दिनों तालाब में एक जंगली शैवाल फैलने की वजह से पूरा पानी जहरीला हो गया है। इससे तालाब में पशुओं के घुसने के बाद उनके शरीर पर फफोले पड़ जा रहे हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान से लेकर खंड विकास और मुख्य विकास अधिकारी को भी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संबंधित तालाब की सफाई और मनरेगा योजना से उसका सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए मिठौरा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत एनसीसी कैडेटों ने निकाली रैली

घुघली। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सरदार पटेल बालिका इंटर कालेज पुरैना खंडी चौरा के एनसीसी कैडेटों ने रैली निकाल कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार दूबे ने कहा कि नींद या झपकी आने पर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग कदापि न करें और न ही नशे की हालत में वाहन न चलाएं। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि आपकी सुरक्षा हमारी सुरक्षा है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर बांधे। यातायात के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करें। रैली में एनसीसी के अभिषेक साहनी, शिक्षक नवीन कुमार मिश्र, विजय पटेल, अभिषेक चौबे, पिटू मिश्र, रामकृपाल चौधरी, मदन जायसवाल, दुर्गेश चन्द्रा, राजू गुप्ता, हरिद्वार विश्वकर्मा, कैडेट सत्यव्रत, अनुष्का, आकृति, रघुनंदन, रामगोपाल आदि शामिल रहे।

# गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा स्वास्थ्य मेला: सुरेंद्र

देवरिया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के अशोक इंटरमीडिएट कालेज डुमरी परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि शासन की तरफ से आयोजित स्वास्थ्य मेला गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। ग्रामीण अंचल के जो भी गरीब व्यक्ति जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच सकते, उनके लिए ब्लाक स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर उन्हें दवा इलाज मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही साथ गंभीर रोगियों की जांच कर उन्हें उपचार की सलाह भी दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में कुष्ठ विभाग, टीवी, आयुष्मान भारत, आयुष विभाग, आईसीडीएस, विकलांग बोर्ड ,मानसिक रोग के स्टाल लगाए जा रहे हैं। जिसमे संबंधित रोगी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. शंभू प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में ढाई सौ रोगियों को दवा वितरित किया गया । इस दौरान खंड विकास अधिकारी शांति देवी, डा. तैयब अली, अंशुमान पांडेय, पल्लवी श्रीवास्तव ,बीपीएम पंकज कुमार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मसेतु पति त्रिपाठी, अजीत सिंह, ऋषि तिवारी, निजाम अंसारी, पंकज सिंह, हरिकेश बहादुर शाही, ज्ञान सिंह, प्रियंका पांडेय, अनुराधा, शशि कला, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मेले की औपचारिकता देख भड़के विधायकः डुमरी परिसर में लगाए गए मेले की औपचारिकता को देख क्षेत्रीय विधायक उस समय भड़क उठे जब प्रचार प्रसार का अभाव सामने आया। मेले में लोगों की भीड़ बहुत कम दिखी। कम संख्या पर उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दूरभाष पर डांट फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करना सीखें। महज कोरम पूरा करने की आदत से बचने की चेतावनी दी। भलुअनी और बरहज में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेलाः बरहज। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भलुअनी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज के परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें महिला रोग, नाक, कान, गला रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग, दिव्यांग कल्याण, आयुष विभाग, आंगनबाड़ी, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाया गया। विधायक दीपक मिश्र शाका ने स्वास्थ्य मेले में लगे विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। गर्भवती और बच्चों का गोद भराई, अन्नप्राशन कार्यक्रम हुआ।

विधायक दीपक मिश्र शाका ने कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवा शिक्षा मिल सके, इसके लिए प्रदेश की सरकार तत्पर है। लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति, शिक्षा के प्रति जागरूक करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न एजेंडा तय किया गया है। सरकार ने मेले का आयोजन कर आम जनता तक सेवाओं को पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आलोक पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य मेले के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय चंद, खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार, सुदामा, डा. अजय पाल, लोकेमान्द्र सिंह, दीपक मिश्र, संदीप शाही, डा. केपी गुप्ता, पीएन तिवारी, ख्याति श्रीवास्तव, विनोद गुप्त, डा. सिद्धार्थ मौजूद रहे। भागलपुर में लगा स्वास्थ्य, रोगियों का हुआ इलाजः भागलपुर, देवरियाः आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लाक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए और लोगों को लाभान्वित किया गया। मेले का शुभारंभ बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। कहा कि सरकार अपनी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। सभी आगंतुकों से अच्छे से बर्ताव करें, जिससे एक अच्छा माहौल बने। बरहज विधान सभा क्षेत्र मे ठीकेदारी और कमिशन खोरी नहीं चलेगी, केवल सेवादारी चलेगी। डा. संजय चंद डिप्टी सीएमओ ने कहा कि एक ही कैंपस में मेले के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर लगाकर सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान आयुष विभाग, होम्योपैथ, खाद्य सुरक्षा, बाल विकास पुष्टाहार, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन, स्पर्श कुष्ठ जागरूकता परिवार कल्याण, आयुष्मान भारत परिवार नियोजन, कोविड हेल्प डेस्क आदि विभागों द्वारा लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। प्रचार प्रसार के अभाव में मेले में अधिकत मरीज नहीं पहुंचे विभिन्न विभागों के स्टाल मरीजों से खाली थे। इस दौरान सतीश जायसवाल, डा. रंजीत कुशवाहा, डा.मनीष सिह, नित्यानंद मिश्रा, शिवशंकर जायसवाल, शम्भू जायसवाल, दीनबंधू सिंह, शिम्पू सिंह, ऋषि मिश्रा ,रतन सिंह, अरविद कुशवाहा, रामकेश यादव,नन्दन मिश्रा, मंजर अहमद,आबिद अली, सुधीर कुमार सिंह, अश्वनी मिश्रा, रविदर, मीरा यादव समेत सैकड़ों आशा आगनबाड़ी कार्यकर्ता और मरीज उपस्थित रहे।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया पौधरोपण

देवरिया। सलेमपुर में मानवस्थली पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने आकर्षक प्रोजेक्ट, मॉडल एवं चार्ट आदि बनाकर प्रस्तुत किया। बच्चों ने गमलों को आकर्षक रूप से रंगा तथा उनमें पौध रोपण किया। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी ने खुद पौध रोपण किया और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार कक्षा सात की आराध्या श्रीवास्तव, तान्या, अदिति, अंशिका तथा साधना को मिला। द्वितीय पुरस्कार कक्षा सात की ही अनन्या, सौम्या, अदिति, श्रेया, अंबालिका, स्नेहा तथा अंजलि की टीम को मिला तथा तृतीय पुरस्कार कक्षा छह के वरुण, विराट, दिव्यांशु, दिव्यांश, प्रतीक, आर्यन एवं गणेश की टीम को मिला। सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार कक्षा नौ के अंकित गुप्ता, सत्यम कुशवाहा, अमृत राज, अभिषेक, आशीष, अरुण, कृष्णा, रितेश, राहुल एवं अंकित द्वितीय की टीम को मिला। द्वितीय पुरस्कार कक्षा दस की शुभांजलि गोंड, प्रतीक्षा मिश्रा, प्रियंका यादव, स्मृति सिंह, अनुष्का कुशवाहा की टीम को मिला। तृतीय पुरस्कार कक्षा आठ के श्वेता, दिव्यांशी, उन्नति जय, खुशी, अर्पिता एवं पूर्वा की टीम को मिला। इसके अतिरिक्त लगभग सौ छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संजीव दुबे, प्रबंधक रेणु दुबे, रामब्यास यादव, पूनम श्रीवास्तव, राजेश्वरी त्रिपाठी, शकुंतला तिवारी आदि उपस्थित रही। उधर बापू इंटर कालेज के एनसीसी कैडेटों ने पुनीत सागर अभियान के तहत छोटी गंडक नदी के नदावर घाट पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के डा.बीबी तिवारी, डा. सुशील कुमार, डा.वीके मल्ल, डा.प्रद्युम्न पांडेय, डा.जेडी शुक्ला ने कैडेटों को ग्लब्स एवं बिस्किट भेंट किया और सफाई की। इस दौरान ओम नारायण तिवारी, प्रधानाचार्य संतोष चौरसिया, कर्नल संदीप सिंह, सूबेदार प्रेम गुरुंग, नायब सूबेदार एचके पांडेय, रमन, श्याम बहादुर, प्रवीण मौजूद रहे। पर्यावरण प्रेमी शमशाद मलिक ने नेतृत्व में राजीव मिश्र, इसरार अहमद ने पौध भेंट किया।

# छात्राएं अधिकारों को जानें, निडर बनें, सतर्क रहें

महराजगंज। महिला सशक्तीकरण एवं महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को निर्भीक होकर रहने का पाठ पढ़ाया गया। बागापार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में महिला थानाध्यक्ष रंजना ओझा ने कहा कि महिलाओं व छात्राओं को अपने अधिकारों को समझना होगा। निडर बनें और सतर्क रहें। किसी भी स्थिति में आप कमजोर नहीं हैं। यदि किसी प्रकार की घटना उनके साथ हो रही है तो वह बर्दाश्त न करें, बल्कि इसका विरोध करें। जिससे अपराध पर अंकुश लग सके। महिला थानाध्यक्ष ने ब्लैक बोर्ड पर लिखकर हेल्पलाइन 1090 वूमन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन की जानकारी दी। पनियरा संवाददाता के अनुसार पनियरा इंटर कालेज (मन्नान खां विद्यालय) में चौकी इंचार्ज पनियरा मो. इस्माइल खां, एंटी रोमियो टीम की सदस्य महिला का. पूनम रानी, पूजा तिवारी व का. रामानुज ने लगभग 200 छात्राओं को उचक्कों से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य आफताब आलम खां ने महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा चलाए गए अभियान की प्रशंसा किया और सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। फुलमनहा संवाददाता के अनुसार बृजमनगंज के ऑलमाइटी पब्लिक इंटर कालेज में बृजमनगंज पुलिस की ओर से महिला सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया गया। महिला कांस्टेबल आरती दुबे ने छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बालिकाओं के अपराधा को लेकर गंभीर है। महिलाएं और बालिकाएं जब भी खुद को असुरक्षित महसूस करें तो सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। उपनिरीक्षक उमाकांत सरोज ने कहा कि अपराध रोकने के लिए अपराधा का विरोध करना जरूरी है। इस अवसर पर प्रबंधक महमूद आलम, प्रधानाचार्य सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल शालिनी गुप्ता, कांस्टेबल नंदलाल सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

# धरती के संसाधनों का अत्यधिक दोहन घातक, बरतें सावधानी

देवरिया। क्षेत्र के सूर्या एकेडमी में विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य मोनिका अरोरा ने कहा कि जिस धरती ने मानव को जीवन दिया, आज वो उसी धरती के संसाधनों का निर्दयता पूर्वक इस्तेमाल कर रहा है। इसका आगे चल कर गंभीर दुष्परिणाम सामने आएंगे। इसलिए सभी को पृथ्वी व पर्यावरण को सुरक्षित करने की जरूरत है। इसके बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा रैली निकाली गई। रैली में आकर्षक बनी झांकी आकर्षण का केंद्र रही। छात्रों ने इस दौरान पौध रोपण करने के साथ ही लोगों को पौध भी वितरित किया। इस दौरान सुमन शर्मा, किरन मिश्रा, शक्ति गोंड, वंदना प्रसाद, श्वेता पांडेय, संजीव मणि, दीपक गुप्ता, उमेश शर्मा मौजूद रहे। राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। गौ सेवा संघ के संगठन मंत्री सत्यम मिश्र के नेतृत्व में 51 पौध का रोपण किया गया। इस दौरान राहुल कनौजिया, गौरीशंकर, इमरान, विशाल मिश्रा, हिमांशु सिंह, विशाल मद्धेशिया, रमेश प्रजापति, संतोष सैनी, रवि मिश्रा मौजूद रहे। सोहनपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के कंपोजित विद्यालय गजहड़वा में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि पर्यावरण संतुलन से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है, बिना पर्यावरण संरक्षण के जीवन जीना मुश्किल है। पौध रोपण जीवन जीने के लिए अति आवश्यक है, क्योंकि मानव जीवन में इसकी बहुत बड़ी उपयोगिता है। उन्होंने कहा कि वन को सुरक्षित बनाएं रखने से ही प्राकृति संतुलन व मानवीय जीवन बेहतर बना रह सकता है। इस दौरान प्रधानाध्यापक रामाजी यादव, रमेश, अखिलेश, संजय कुशवाहा, रवि कुमार, गोविद, प्रिस, कृष्ण, निखिल कुमार मौजूद रहे।

# पुलिस ने दंगा नियंत्रण का किया पूर्वाभ्यास

महराजगंज। आगामी त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था का अनुपालन करवाने के लिए पुलिस कर्मियों ने पुलिस लाइन व शहर के सक्सेना तिराहे पर दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। भीड़ को हटाने के साथ ही अराजक स्थिति बनने पर हालात को काबू में करने के तरीके भी बताए गए। एसपी के निर्देश पर रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर दंगा नियंत्रण का अभ्यास हुआ। एंटी राइट गन, चिली हैंड ग्रेनेड एवं टीयर गैस का फायर किया गया। पुलिसकर्मियों को दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके के गुर सिखाए गए। पूर्वाभ्यास के दौरान भीड़ को तितर–बितर करने के तरीके भी बताए गए। पुलिसकर्मियों द्वारा मुस्तैदी के साथ दंगा को नियंत्रण करने के लिए अलग–अलग विधि का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सीओ लाइन सूर्यबली मौर्य, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार आदि मौजूद रहे। शहर के सक्सेना तिराहे पर अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के नेतृत्व में पुलिस ने नागरिकों के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। दंगा नियंत्रण पूर्वाभ्यास के दौरान सक्सेना तिराहे पर एक पल को सब कुछ रुक सा गया था। किसी बड़ी अनहोनी के संदेह में आस–पास के व्यापारी पहले सहम से गए, लेकिन बाद में कार्यक्रम की जानकारी होने पर सबकूछ सामान्य हो गया। इस अवसर पर सदर कोतवाल रवि कुमार राय, यातायात निरीक्षक जेपी यादव आदि मौजूद रहे।

# महंगाई ने बिगाड़ा किचन का गणित, बढ़ी मुश्किलें

देवरिया। लगातार बढ़ रही महंगाई का सबसे अधिक असर किचन पर पड़ा है। यूं कहा जा सकता है कि महंगाई ने किचन का पूरा गणित बिगाड़ दिया है। खाद्य पदार्थो में 20 से लेकर 35 रुपये तक की वृद्धि से सभी बेहाल हैं। हालात ऐसे हैं कि एक वर्ष के भीतर दाल, चावल, वनस्पति घी, चायपत्ती, चीनी, दूध, देसी घी, सरसों तेल, साबुन, वाशिग पाउडर सभी महंगे हो चुके हैं। इनकी बढ़ती कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं है। महिलाएं किचन के बढ़ते खर्च को लेकर परेशान हैं। रसोई का पूरा बजट बिगाड़ने का खेल एक वर्ष से चल रहा है। बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने समाज के हर वर्ग को परेशान किया है। खाद्य तेल हो या दालें, साबुन, वाशिग पाउडर हो या फिर चाय व चीनी सभी के दामों में महंगाई के चलते तेजी आई है। सबसे अधिक परेशानी मध्यम वर्गीय परिवार एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को उठानी पड़ रही है। लोगों के महीने का बजट बिगड़ गया है। मध्यमवर्गीय परिवार और निम्नवर्ग के परिवार भले ही कई कटौती कर लें, लेकिन आवश्यक जरूरतों की वस्तुओं में कटौती नहीं की जा सकती। दाल, खाद्य तेल, साबुन, चाय, चीनी आदि जैसी आवश्यक वस्तुओं का कोई विकल्प नहीं दिखाई देता। इनका उपभोग तो करना ही पड़ता है। यही कारण है कि मासिक बजट बिगड़ जाता है। महंगाई पर फिलहाल नियंत्रण नहीं दिख रहा। खाद्य तेलों के रेट में सर्वाधिक वृद्धि पिछले एक वर्ष में खाद्य तेलों के दामों में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष सरसो तेल 155 रुपये प्रति लीटर बेचा जा रहा था, जबकि वर्तमान में इसकी कीमत 180 रुपये लीटर है। इसी प्रकार वनस्पति घी के दाम 150 रुपये से बढ़कर 180 तक पहुंच गया है। दाम बढ़े, वजन घटा कपड़ा धोने के साबुन व नहाने के साबुन के दामों में बेहद तेजी आई है। पिछले वर्ष तक 20 रुपये में बेचे जा रहे नहाने के साबुन की कीमत वर्तमान में 30 रुपये से अधिक है। इतना ही नहीं कुछ कंपनियों ने साबुन का वजन भी 125 ग्राम से घटाकर मात्र 100 ग्राम कर दिया है। इसी प्रकार कपड़े धोने के साबुनों की कीमत में तो वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन उनका वजन 300 ग्राम से घटाकर 220 ग्राम कर दिया गया है। वाशिग पाउडर भी 50 रुपये से बढ़कर अब 63 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। रसोई गैस 1000 रुपये भरा जा रहा है तो दूध का मूल्य भी बढ़ा है। ऐसे में गृहस्थी चलाना मुश्किल हो गया है। आवश्यक वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि से परेशानी बढ़ गई है। जमाखोरी पर नियंत्रण आवश्यक है।

# पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

महराजगंज। जिले पर्यावरण दिवस पर विभिन्न विद्यालयों एवं सामाजिक संस्थानों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं गोष्ठी के माध्यम से पर्यावरण की महत्ता बताई गई। सेट जेवियर्स स्कूल में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गीत गाकर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रबंधक रत्नेश चंद्रा, रितिका चंद्रा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। सनशाइन स्कूल में छात्राओं ने पौधारोपण किया। घुघली संवाददाता के अनुसार प्राथमिक विद्यालय बिरैचा में ग्रामीणों और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। एआरपी संतोष चौधरी ने कहा कि प्रकृति को नष्ट न करें, उसके संरक्षण में योगदान दें। प्रधानाध्यापक यशवीर कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा से ही दुनिया की सुरक्षा संभव है। पर्यावरणविद् शिक्षक डा. धनंजय मणि त्रिपाठी ने बच्चों को जल के महत्व के बारे में बताते हुए पानी बचाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक रामजपित यादव,रागिनी, शीतल, गुलफसा, कृष्णा, आदि उपस्थित रहे। भिटौली संवाददाता के अनुसार पंडित काशी प्रसाद दीक्षित शिक्षण एवं प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पकड़ी दीक्षित में पौधारोपण के दौरान प्रबंधा निदेशक अजय कुमार दीक्षित ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में कितने उपयोगी है। अगर पेड़ न हों तो जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। संरक्षक डा अजय कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पटेल, बृजेश्वर सिंह, अजय यादव, अमित यादव, प्रेमचंद, राकेश तिवारी,अभिनव सिंह, निरंजना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। नौतनवा संवादाता के अनुसार बेथेल चिल्ड्रेन स्कूल के शिक्षकों ने घर–घर जाकर पौधें बांटे और बच्चों को भी भेंट किए गए। इस दौरान पृथ्वी के संरक्षण के लिए जागरूक कर महत्व को समझाया गया। विद्यालय प्रबंधक जानसन जोशुआ, प्रधानाचार्य एलिजाबेथ भगत, भाजपा नेता संजीव जायसवाल, सभासद प्रदीप नायक, डैनियल जोशुआ, अभिषेक जोशुआ, माइकल जोशुआ, आसिफ, फारुख, प्रिया, जेघ्बा, प्रीति आदि उपस्थित रहे। फुलमनहा संवाददाता के अनुसार जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंधक नवीन सिंह ने कहा कि पर्यावरण हमे जीवन देती है इसलिए पृथ्वी की सुरक्षा करना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मधुसूदन दुबे, प्रभाकर सिंह, सर्वेश राय, देवेंद्र मणि, पुरुषोत्तम त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह एवं मिशन शक्ति के विशेष अभियान का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह (18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2022) एवं मिशन शक्ति के विशेष अभियान का सुंदर आयोजन शनिवार को किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार द्वारा महाविद्यालय के छात्र—छात्राओं, प्राध्यापकगणों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों को मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं उन्हें उचित सम्मान प्रदान करने हेतु शपथ दिलाई गयी तथा इसके निमित्त सभी को हर संभव सहयोग देने का आवाहन किया। प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार द्वारा चतुर्थ सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर लोगों में सड़क सुरक्षा की के प्रति जागरूकता लाने हेतु सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को अनिवार्य रुप से पालन करने की भी शपथ दिलाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संतोष कुमार सैनी द्वारा छात्र—छात्राओं को बताया गया कि आप सभी किसी भी प्रकार के अत्याचारों को सहन ना करें और अपने माता—पिता एवं अभिभावकों के समक्ष लाने के साथ—साथ हेल्पलाइन नंबरो 1090,112 ,1098 ,181 इत्यादि का प्रयोग करते हुए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं। साथ ही ष्चुप्पी तोड़ो ,खुल कर बोलो का संदेश भी छात्राओं को दिया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करने एवं किसी भी दशा में शराब इत्यादि नशीली वस्तु का सेवन ना करने की सलाह दी। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के डॉ राधाकांत पाण्डेय, डॉ किशोर कुमार सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ मीरा यादव, डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ अमूल्य कुमार सिंह, डॉ विभा पाण्डेय, डॉ नीरज सिंह, डॉ विजय प्रताप यादव, डॉ महीप कुमार इत्यादि प्राध्यापक गण, एवं प्रमोद केशरी, विकास कुमार मौर्य, ध र्मेंद्र, महेश पाण्डेय, शरफुद्दीन, रामचरण मौर्य, कुंदन, इत्यादि कर्मचारियों के साथ—साथ रोवर्सध्रेंजर्स, एनएसएस एनसीसी कैडेट्स, एवं भारी संख्या में छात्र—छात्राएं उपस्थित रहे।

# 24000 लीटर डीजल बेचने वाले ड्राईवर व खलासी को 14 लाख रुपये के साथ किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अवगत कराना है कि दिनांक 20.04.2022 को वादी मुकदमा इमरान खान पुत्र निसार अहमद निवासी जीटी रोड अलीनगर, थाना अलीनगर, जनपद चन्दौली द्वारा थाना चोपन पर सूचना दी गयी कि वादी वाहन संख्या न्च् 67 ।ज् —1441 का पंजीकृत स्वामी है। दिनांक 16.04.2022 को चालक भगवानदास विनायक सर्विस स्टेशन हिन्दुआरी से उक्त टैंकर में 29 हजार लीटर डीजल वीपीआर माइनिंग, खड़िया, शक्तिनगर के लिये जा रहा था कि चालक एवं कुछ अन्य व्यक्तियों अफसार अहमद उर्फ शेरु पुत्र



मैनुद्दीन निवासी अलीनगर, जनपद चन्दौली तथा अजय चौरसिया आदि से मिलकर टैंकर में 24000 लीटर डीजल अमानत में खयानत कर बालाजी ट्रेडर्स सुरेश केशरी के यहां बेच दिया गया। दिनांक 17.04.2022 को जब प्रार्थी को पता चला कि उक्त डीजल वीपीआर माइनिंग नहीं पहुंचा है तो उक्त के सम्बंध में जानकारी करने पर पता चला कि उक्त टैंकर आईओसी पेट्रोल पम्प बारी, डाला पर खड़ा है। वहां काम करने वाले लोगों ने बताया कि चालक पेट्रोल पम्प पर गाड़ी खड़ी कर कहीं चला गया है। उक्त सूचना के सम्बंध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0 98ध्2022 धारा 407, 379, 120 बी भादवि का अभियोग पंजीकृत कर लिया गया।

# युवा अधिवक्ता अधिकाधिक संख्या में प्राप्त करें अनुदान राशिः राकेश शरण मिश्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रदेश के युवा अधि ावक्ता अधिक से अधिक संख्या में अनुदान राशि का फार्म भरकर अनुदान राशि रुपये पाँच हजार बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से प्राप्त करें। यह बातें सँयुक्त अधि ावक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने शनिवार को प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में कहीं है। उन्होंने बताया कि जो युवा अधिवक्ता साथी 9 मार्च 2018 से लेकर 9 मार्च 2019 तक एआईबीई की परीक्षा पास कर लिए हो और साथ ही उनकी आयु 9 मार्च



2019 को 28 वर्ष या उससे अधिक ना हो, तो वे इस फार्म को सभी आवश्यक संलग्नकों के साथ भरकर एवम बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के किसी सदस्य से अनुमोदित करवाकर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के कार्यालय में जमा करवा दे ताकि उन्हें अनुदान राशि प्राप्त हो सके। श्री मिश्र के अनुसार युवा अधिवक्ताओ को कानून की किताबो को खरीदने के लिए इस अनुदान हेतु ये माँग प्रदेश सरकार एवम बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ परिवार एवम अन्य अधिवक्ता संघो द्वारा वर्षो से की जा रही थी जिसको प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अनुदान से प्रदेश के उन हजारो युवा अधिवक्ताओ को लाभ पहुँचेगा जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण कानून की महंगी किताबो को नहीं खरीद पाते थे और ना ही पढ़ पाते थे। मिश्र ने इस योजना को लागू करने के लिए सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ परिवार एवं प्रदेश के युवा अधिवक्ताओ की तरफ से उत्तर प्रदेश सरकार तथा बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को ध ान्यवाद ज्ञापित किया है।

# प्यास बुझाने हेतु नहर खोलने के लिए युमंद ने सौंपा ज्ञापन



दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। युवा कल्याण विभाग के सहयोगी संगठन युवक मंगल दल के कार्यकर्ताओं ने युवक मंगल दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दीक्षित के अगुवाई में शनिवार को सिंचाई विभाग के कार्यालय में नहर प्रखण्ड मिर्जापुरध सोनभद्र के एक्सीयन के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर पशु, पक्षियों मवेशियों की जान बचाने को लेकर नहर चालू कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। दीक्षित ने बताया की इस वर्ष अप्रैल महीने में ही मई और जून जैसी भीषण गर्मी पड़ने से जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है।जिससे कुआ, तालाब बावली के साथ साथ नल का भी पानी सुख रहा है। जिसमे मानव जीवन अस्त व्यस्त होता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में पशु पक्षियों मवेशियों के लिए नहर का पानी खुल जाने से संजीवनी बूटी से कम साबित नही होगा।वही युवक मंगल दल के जिलाकोषाध्यक्ष श्री अजय केशरी व सदर ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र मौर्या ने बताया कि हमारे संगठन के द्वारा लगातार पशु पक्षी बचाओ अभियान के तहत जनपद भर में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का प्रबंध किया जा रहा है लेकिन जलस्तर घट जाने के कारण पशु पक्षियों को पानी नही मिल पा रहा है। जिसके कारण तमाम पशु पक्षी नहर बावली कुआ तालाब में पानी न मिलने के कारण अपने प्राणों को त्याग दे रहे हैं। ऐसे में सिंचाई विभाग के द्वारा नहर खोला जाना पशु पक्षियों के हित में होगा।

# भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का आगमन




दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का आगमन दिनांक 24 अप्रैल 2022 को जनपद मे हो रहा है, प्रदेश अध यक्ष जनपद मे चल रहे जिला प्रशिक्षण वर्ग दिनांक—23,24,25 अप्रैल 2022 के समापन 25 अप्रैल 2022 के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेंगे। इस आशय की जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

# रॉबर्ट्सगंज पर एवं जनपद के अन्य थानों पर संम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुना गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शनिवार को थाना समाधान दिवस पर पुलिस उप



महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षकध्पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर आम जन की समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जनपद के अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा भी अपने—अपने सर्किलध्थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत—प्रतिशत एवं निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान समस्त पुलिस एवं राजस्व अधिकारीध्कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में जमीनी विवाद चिह्नित कराएं और राजस्व टीम के साथ पुलिस मौके पर जाकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यदि कोई पक्ष विवाद करता है तो उसके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति में जीएसटी कानूनों की अहम भूमिका

लखनऊ।वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में विख्यात अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका श्साइंटिफिक रिसर्च जर्नल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंटश ने भारत के वित्तीय प्रबंधन क्षेत्र के विशेषज्ञ भारतीयों का संयुक्त प्रबंध ा लेख प्रकाशित किया है। वित्त तथा प्रबंध क्षेत्र में महत्वपूर्ण समझी जाने वाली इस प्रतिष्ठित शोधपत्रिका ने लंबे समय से जीएसटी के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों पर शोधकार्य में जुटे रिसर्च स्कालर राहुल कुमार गुप्ता और सत्यसाईं विश्वविद्यालय में कामर्स विभाग के प्रमुख डा.गजराज सिंह के संयुक्त प्रयासों से तैयार इस लेख को मार्च 2021 के अंक में प्रकाशित किया। राहुल के अनुसार भारत के सामान्य शहरी तथा ग्रामीण जनजीवन पर प्रत्यक्षकर प्रणाली के सकारात्मक प्रभावों को तमाम उदाहरणों के माध्यम से तर्कसंगत रूप में प्रस्तुत किया गया है। लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गुप्ता ने बताया कि गजराज सिंह जैसे योग्य मार्गदर्शक के दिशा निर्देशन में आगे बढ़ रहे उनके शोध प्रबंध से भारत में जीएसटी कानूनों के महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान पर सबको जानकारी मिलेगी।

# सफाई कर्मी की नियुक्ति के बाद भी गन्दगी का अंबार

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर विकास खंड के राहीमनागर पड़ियाना में सफाई कर्मी की नियुक्ति के बाद नालियों की सफाई न होने से गांव में गंदगी का अंबार लगा रहा है। जहां केन्द्र सरकार से लेकर राज्य सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। वही सफाई कर्मी नादरत रहने के चलते गांव के नालियों बजबजा रही है। सरोजनीनगर बंथरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रहीम नगर पड़ियाना में काफी दिनों से नालियों की सफाई न होने के कारण नालियां गन्दगी से भर गई है। जिसके कारण मच्छरों का आतंक गांव में फैल रहा है। डेंगू मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां बढ़ने की आशंका बनी रहती है। नालियों की सफाई न होने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन शिकायत जस की तस ही बनी रही। लेकिन सफाई कर्मी की नियुक्ति के बाद भी गांव अपनी दुर्दसा पर रोने पर मजबूर दिखाई देता है। इस सम्बंध में जब एडीओ पंचायत से बात की गई तो उन्होने बताया कि अगर सफाई कर्मी प्रति दिन काम पर नहीं आते है, तो दूसरा कर्मचारी भेजकर काम कराया जाएगा। नियुक्त सफाई कर्मी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# एलपीसीपीएस के राष्ट्रीय रोजगार मेले मे लगभग 600 छात्रों को मिली जॉब

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ,गोमती नगर में राष्ट्रीय रोजगार मेला—2022 (आरजेएफ) का आयोजन किया गया। संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एसपी सिंह, डायरेक्टर हर्षित सिंह , गरिमा सिंह वह डीन डॉ लक्ष्मी शंकर अवस्थी ने कंपनियों के एचआर अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किएस 51 से ज्यादा नेशनल व इंटरनेशनल कंपनियों ने हिस्ध्सा लेकर 600 से ज्यादा छात्रों को रोजगार उपलब्ध्ध कराये। एचसीएल, आदित्य बिरला ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक, डिकेथोलॉन, महिंद्रा, पीवीआर, जैसी कंध्पनियों द्वारा 6 लाख रुपए सालाना तक के ऑफर लेटर पाकर छात्रों के चेहरे खध्लि गए।

# तहसीलदार घोरावल ने श्मशान की भूमि से हटवाया अवैध अतिक्रमण

## औराही गांव में बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जा तहसीलदार ने हटवाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल तहसील अंतर्गत औराही गांव में शनिवार को तहसीलदार घोरावल सुशील कुमार ने अवैध ा अतिक्रमण को हटवाया। बताते चलें कि औराही गांव में श्मशान हेतु जमीन सुरक्षित है। किन्तु श्मशान की जमीन पर मनोज गिरि निवासी जूड़ी द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर घर निर्माण कार्य शुरू किया गया था।जिस पर ग्रामीणों में रामलाल सिद्धनाथ छोटेलाल बाबूलाल दिनेश कमलेश चम्पा नीलम सहित दर्जनों लोगों ने उपजिलाधि ाकारी घोरावल को एक प्रार्थना पत्र देकर मौके की जांच कराकर अवैध रूप से किया जा रहा अतिक्रमण को हटवाये जाने की मांग किया था। जिस पर तहसीलदार घोरावल ने क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट मंगवाई। जिसमें पाया गया कि मौके पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिसके क्रम में शनिवार को तहसीलदार घोरावल ने अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने अवैध रूप से श्मशान की भूमि पर से कब्जा हटवाया। उनके साथ राजस्व निरीक्षक मटरू लाल के साथ लेखापाल सुरेन्द्र मौर्य योगेन्द्र सिंह पुलिस व ग्रामीणों के साथ शिकायत कर्ता व आम जनमानस के लोग मौजूद रहे।



## केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने जारी की अधिसूचनाः

# 1 लाख या उससे अधिक आबादी वाले मेट्रो और सिटी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने की की जाए व्यवस्था

लखनऊ। भारत सरकार केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2020 में संशोधन करते हुए पूरे देश में उपभोक्ता औसत विद्युत व्यवधान आवर्ती सूचकांक बनाने की नई अधिसूचना जारी की है जिसमें सबसे बडी चौंकाने वाली बात यह है कि महानगरों सहित जिन भी शहरों की संख्या 1 लाख या उससे अधिक है वहां पर प्रदूषण स्तर की वृद्ध को ध्यान में रखते हुए 24 घंटा विद्युत आपूर्ति करना होगा जिससे विद्युत व्यवधान के बाद डीजल जनित्र जनरेटर ना चले केंद्र द्वारा बनाए गए कानून में इन सभी व्यवस्था को सुचारु रुप से लागू करने की जिम्मेदारी राज्यों के विद्युत नियामक आयोग को दी गई है जो इससे संबंधित रेगुलेशन बनायेगे कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि 5 साल के अंदर डीजल जनित जनरेटर हटाने की दिशा में उपभोक्ता को कदम उठाना है और उन्हें रिन्यूबिल बैटरी बैकअप पर जाना होगा रेगुलेटर अपने नियम में इस टाइम लाइन में बदलाव कर सकता है विद्युत व्यावधान पर सूचकांक की मानिटरिंग भी विद्युत नियामक आयोग को करनी होगी 3 मिनट या उससे अधिक विद्युत ट्रिपिंग को व्यवधान के रूप में माना जाएगा साथ ही केंद्र द्वारा बनाए गए कानून में यह भी कहा गया है कि निर्माण क्रियाकलापों मैं डीजल जनित जनरेटर को रोकने के लिए जहां विद्युत वितरण मेन्स उपलब्ध हैं अब वहां अस्थाई संयोजन 48 घंटे के अंदर देना होगा जहां विद्युत वितरण मेंस उपलब्ध नहीं है वहां पर 7 दिन के अंदर देना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवध ेश कुमार वर्मा ने कहा केंद्र द्वारा बनाए गए नए कानून से निश्चित ही बिजली कंपनियों पर बडा भार आएगा क्योंकि उत्तर प्रदेश में ज्यादातर मेट्रो और सिटी ऐसे हैं जिनकी आबादी 1 लाख या उससे अधिक ऐसे में यह कहना उचित होगा कि 24 घंटा विद्युत आपूर्ति और नो ट्रिपिंग जोन प्रदेश के सभी मेट्रो और सिटी को बनाना होगा जहां तक सवाल है डीजल जनित जनरेटर को हटाकर 5 साल के अंदर रिन्यूएबल बैटरी बैकअप उपभोक्ताओं को लगाने का निश्चित ही यहां यह भी एक बडी समस्या होगी आने वाले समय में समय में जब विद्युत नियामक आयोग इस कानून के तहत रेगुलेशन को बनाएगा और मानिटरिंग व्यवस्था को स्थापित करेगा तो उसमें सभी कठिनाइयों व व्यवहारिक पक्षों पर अध्ययन कर उपभोक्ता परिषद नियामक आयोग के समक्ष पेश करेगा उपभोक्ता परिषद का यह जोर रहेगा कि जो भी रेगुलेशन और कानून बने उससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को कोई व्यवहारिक कठिनाई ना हो और उन्हें विद्युत विद्युत आपूर्ति भी मिलती रहे यह बात बिल्कुल सही है कि यदि विद्युत उपभोक्ताओं को सुचार विद्युत आपूर्ति 24 घंटे मिलेगी तो उन्हें डीजल या किसी अन्य माध्यम का सहयोग नहीं लेना पडेगा निश्चित तौर पर देश में प्रदूषण को रोकने के लिए जो भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं उस पर सभी को अमल करना होगा लेकिन सभी व्यवहारिक पक्षों को सम्मिलित करते हुए उपभोक्ता हितों में रेगुलेशन बनाने की जरूरत होगी।

# 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

## चोरी किये गये सोने के आभूषण (कीमत लगभग 250000) भी बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उप महानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद



सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 23.04.2022 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0—146ध्2021 धारा 457ध्380 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त दिलीप विश्वकर्मा पुत्र बाबूलाल विश्वकर्मा निवासी परासी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया एक अदद सोने का मंगलसूत्र, 01 जोड़ी सोने का झुमका व 02 अदद सोने की अंगूठी (बरामद आभूषणों की कुल कीमत लगभग 250000 रुपये) बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बंध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411 की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# राज्यों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक्स की सुलभता में छठे स्थान पर पहुँचा

हरदोई |आज के व्यावसायिक युग में उत्पादों को शीघ्रता से उपभोक्ताओं तक पहुचाना सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इससे जुड़े सभी लोगों को लाभ होता है। उ0प्र0 सरकार ने इस कार्य में बड़ा सराहनीय कार्य किया है। विगत तीन वर्षों में व्यवसाय में सहजता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) में 12 स्थानों का अभूतपूर्व सुधार करते हुए भारत में दूसरा रैंक प्राप्त करने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के अनवरत प्रयासों के परिणामस्वरूप अब उत्तर प्रदेश ने लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (लीड्स) (लॉजिस्टिक्स की सुलभता) में दो वर्षों में 7 स्थानों का उल्लेखनीय सुधार करते हुए देश स्तर पर 6वां रैंक प्राप्त किया है। लीड्स 2021 सर्वेक्षण में यह किसी भी राज्य द्वारा सबसे ऊंची छलांग है और उत्तर प्रदेश को 'शीर्ष सुधारकर्ता' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पांच के पैमाने पर 3.25 के स्कोर के साथ उत्तर प्रदेश ने अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स सेवाओं की उपलब्धता तथा विश्वसनीयता, परिचालन एवं नियामक वातावरण आदि के मापदंडों पर अपने प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार किया है। यह प्रदेश सरकार के सक्रिय संचालित निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए लॉजिस्टिक्स के विकास हेतु किए गए उपायों का परिणाम है।

राज्य सरकार द्वारा यूपी इन्वेस्टर्स समिट–2018 के दौरान इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक नीति घोषित की थी। इस नीति के अंतर्गत ब्याज सब्सिडी, भूमि उपयोग और विकास शुल्क में छूट, स्टाम्प शुल्क एवं इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में छूट तथा कौशल विकास सब्सिडी सहित अनेक आकर्षक प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ने लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को उद्योग का दर्जा प्रदान किया है तथा लॉजिस्टिक्स में संचालन की लागत को कम करके उत्तर भारत में लॉजिस्टिक्स में निवेश के लिए प्रदेश को एक अनुकूल गंतव्य स्थापित किया है।

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार ने एक व्यापक एकीकृत राज्यस्तरीय लॉजिस्टिक्स योजना विकसित की है। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण राज्य में निर्यात केंद्रों को लाभ पहुंचाने के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी और कार्गो परिवहन सुनिश्चित करने का अच्छा प्रबन्धन रहा। उद्योगों की सुविधा हेतु आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) और भण्डारण (वेयरहाउसिंग) सुविधाओं के विकास के लिए अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय लॉजिस्टिक्स प्रकोष्ठ (सेल) तथा लॉजिस्टिक्स योजना की प्रगति और कार्यान्वयन के अनुश्रवण के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्यस्तरीय लॉजिस्टिक्स समन्वय समिति का गठन किया गया है। लॉजिस्टिक्स सेक्टर के विकास हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा उत्तरी, पूर्वी एवं पश्चिमी आर्थिक केंद्रों के निकट होने के कारण उत्तर प्रदेश को अप्रतिम लाभ प्राप्त है। सुदृढ़ रेल एवं रोड नेटवर्क के साथ 'एक्सप्रेसवेज के राज्य' में लॉजिस्टिक्स सेक्टर का भविष्य उज्ज्वल है। दिल्ली–मुंबई इण्डस्ट्रियल कोरिडोर (डीएमआईसी) का 8.5 प्रतिशत तथा अमृतसर–कोलकाता इण्डस्ट्रियल कोरिडोर (डीएमआईसी) का 57 प्रतिशत आच्छादित क्षेत्र उत्तर प्रदेश में है, जिसमें लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए प्रदेश हेतु अनेक अवसर हैं। इन दोनों कोरिडोर का जंक्शन ग्रेटर नोएडा में है, जिससे यह उत्तरी भारत में सबसे बड़ा लॉजिस्टिक हब बन गया है। ग्रेटर नोएडा के जेवर में भारत के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों में से एक आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास से राज्य के लाभ में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के साथ राज्य में बनाए गए वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क का कनेक्टिविटी तंत्र उद्योगों एवं विनिर्माण इकाइयों को परिवहन के विभिन्न माध्यमों का निर्बाध रूप आवश्यकतानुसार उपयोग करने में मदद करेगा, क्योंकि वे अपने उत्पाद भारत एवं विदेशों के बाजारों में भेजते हैं।

लीड्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश में अधिकतम कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के 39.84 प्रतिशत अंश के साथ सबसे अधिक संख्या में रेलवे गुड शेड्स (689) और कोल्ड स्टोरेज (2406) है। उ0प्र0 में लॉजिस्टिक्स में प्रशिक्षित व्यक्तियों की उच्चतम संख्या के साथ प्रशिक्षण केंद्रों की अधिकतम संख्या है। चूंकि उत्तर प्रदेश भारत सरकार की गतिशक्ति अवस्थापना योजना के माध्यम से एकीकृत बुनियादी ढांचे के विकास को सहकारी संघवाद (कोऑपरेटिव फेडरलिज्म) को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानता है, अतः लीड्स में राज्य का उच्च प्रदर्शन उत्तर प्रदेश द्वारा नये भारत के निर्माण को सशक्त करने में योगदान का प्रमाण है।

# आजम खान गंगा स्नान कर भारत माता की जय करें तो उनका भाजपा में स्वागतः माधवेंद्र प्रताप सिंह

## योगी जी आए हैं तो इनके पास बुलडोजर है,इस युग के कलयुग का हथियार बुलडोजर

हरदोई |भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने सपा नेता आजम खान को लेकर बड़ा बयान दिया है,भाजपा विधायक का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी गंगोत्री है जो लोगों का कल्याण करती है,आजम खान गंगा स्नान करें,भारत माता की जय करें तो भाजपा में उनका स्वागत है,वहीं उन्होंने कहा अखिलेश यादव के पास राजनैतिक दृष्टि नहीं है, उनके सहयोगी और सलाहकार बहुत हल्के लोग हैं,यही नहीं,उन्होंने कहा, सतयुग में भगवान राम के पास धनुष बाण था,भगवान कृष्ण के पास चक्र सुदर्शन था,अभी योगी जी आए हैं तो इनके पास बुलडोजर है,इस युग के कलयुग का हथियार बुलडोजर है।

हरदोई जिले की सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक कु. माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू अपनी विधानसभा क्षेत्र के शेखापुर नगरिया गांव में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे,यहां उन्होंने शिवपाल यादव की आजम खान के साथ मुलाकात के बाद बीजेपी में शामिल होने को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि आजम खान जैसे लोग अगर गंगा स्नान करके भारतीय जनता पार्टी में आते हैं तो भारतीय जनता पार्टी तो स्वयं गंगोत्री है,यह देश के लोगों का कल्याण करती है,देश के लोगों को आगे बढ़ा रही है,गरीबों का कल्याण करने वाली पार्टी है और इनको गंगा नहाकर भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करनी चाहिए,गंगा स्नान करें भारत मां की जय करें,भाजपा में उनका स्वागत है अभिनंदन है।

शिवपाल यादव का भाजपा ठिकाना हो सकती है इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा,बिल्कुल अगर अच्छे लोग हैं अगर उन्हें लगता है भारत को मजबूत कर सकते हैं उन्हें भारत के लोगों से स्नेह है और भ्रष्टाचार मुक्त उद्देश्य को बढ़ाना चाहते हैं तो भारतीय जनता पार्टी में आएं,उनका स्वागत है।

उन्होंने अखिलेश यादव पर हमला करते हुए कहा कि अखिलेश के पास राजनैतिक दृष्टि नहीं है और जो उनके पास सहयोगी,सलाहकार हैं वह बहुत हल्के लोग हैं,उनका कोई विजन नहीं है,ना कोई सलाहकार अच्छा है,अखिलेश कोई मेहनत नहीं करते हैं,दोपहर एक दो बजे के बाद निकलते हैं,एक–दो घंटे बैठते हैं फिर अपने बच्चों में चले जाते हैं, राजनीति तो 24 घंटे का काम है |मोदी जी और योगी जी 18 घंटे देश और प्रदेश के लिए काम कर रहे हैं,उनकी तुलना में अखिलेश कभी नहीं आ सकते।

भाजपा विधायक ने मंच से बोलते हुए कहा कि जैसे सतयुग में भगवान राम आए थे उनके पास धनुष बाण हथियार था,दुर्गा जी आईं उनके पास चक्र त्रिशूल तलवार आ गई,भगवान कृष्ण के पास चक्र सुदर्शन आ गया,हनुमान जी आए उनके पास गदा आ गई अब योगी जी आए हैं तो इनके पास बुलडोजर लेकर आए हैं,इस युग के कलयुग का हथियार बुलडोजर है,इतना लोगों ने गलत पैसा जमा किया,गरीबों तक पैसा नहीं पहुंचा, गरीबों के घर नहीं बने, देश आजाद हुए 75 साल हो गए अभी ढाई सौ करोड़ रुपए कन्नौज में घर से निकला था किसका पैसा था, वह देश के गरीबों का पैसा था उनके विकास का पैसा था।

## विद्युत फाल्ट ठीक करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर लाइनमैन की मौत

हरदोई। शाम को पाली थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के समीप बिजली लाइन में आए फाल्ट को ठीक करने गया एक प्राइवेट लाइनमैन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। पाली थाना क्षेत्र के महमदापुर गांव निवासी 25 वर्षीय वीरेंद्र पिछले कई वर्षों से नगर व देहात फीडर से जुड़े लाइनों को ठीक करता था। शाम 7:00 बजे के आसपास पाली माला रोड पर धर्मपुर गांव के समीप लगे पोल की लाइन ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा था, जहां 11000 वोल्टेज की लाइन की चपेट में आकर झुलस गया और पुल के नीचे आ गिरा। राहगीरों की मदद से उसे नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक वीरेंद्र की मां बहनों ने बताया कि वह पांच भाइयों में चौथे नंबर का था, उसकी शादी नहीं हुई थी। घटना के बाद विद्युत कर्मियों केंद्र छोड़कर फरार हो गए, जिसके चलते नगर के साथ–साथ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिसके कारण इस उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। अवर अभियंता कृष्णपाल ने बताया कि युवक बिना अनुमति के ही कार्य करने गया था, जिसकी जानकारी विद्युत कर्मियों को नहीं थी। पाली थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। परिजनों की तरफ से अभी तक उन्हें कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है प्रार्थना पत्र मिलने के बाद मिलने पर कार्रवाई की जाए।

## कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने शुगर मिल कॉलोनी की बिजली पानी काटा,हुआ विरोध

हरदोई |शहर से सटे सुगर मिल कालोनी के वाशिंदों का विद्युत कनेक्शन काटकर उन्हें आवास खाली करने का प्रशासन ने अल्टीमेटम दिया है, जिसके विरोध में कॉलोनी के सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंच गए और अपनी समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि उनके परिजन शुगर मिल में कार्यरत थे। मिल संचालन के दौरान उनका वेतन व अन्य भत्ते बकाया हैं जिसका भुगतान न तो मिल प्रबंधन ने किया और न ही सरकार ने |मालूम हो कि इस कॉलोनी में कई लोग अवैध रूप से कब्जा कर निवास कर रहे हैं। आपको बता दें कि शहर के रेलवेगंज इलाके में स्थित लक्ष्मी शुगर मिल एवं ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिग्रहित कर लिया था, जिसके बाद नवम्बर 1999 में शुगर मिल का संचालन सरकार ने बंद कर दिया, और कार्यरत कर्मचारियों व किसानों का भुगतान भी नही किया गया। हालांकि कई कर्मचारियों का देहांत भी हो चुका है, किन्तु उनके परिजन अभी रह रहे हैं। आधे से अधिक आवासीय परिसर में कई सालों से तमाम परिवार अनाधिकृत रूप से भी रह रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम द्वारा शुगर मिल को खाली कराने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग मांगा गया है, जिसके बाद विद्युत कनेक्शन काटकर आवासित लोगों को हटाने का प्रयास किया गया। इस बात से नाराज लोगों ने बकाया भुगतान व आवास की मांग को लेकर जिला प्रशासन से गुहार लगाई। इस दौरान भारी तादाद में महिला पुरूष व बच्चे मौजूद रहे।

## जारी रहेगी प्रेट्रोल पंपो की जांच

जौनपुर । जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद के पेट्रोल पम्पों की जांच हेतु तहसीलवार उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग, बांट–माप विभाग व ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारी की टीमें गठित की गयी है। 21 अप्रैल को तहसील–सदर में कार्यरत 05 पेट्रोल पम्पों क्रमशः मे0 प्राइम एलायड, वाजिदपुर तिराहा, मे0 शिवशक्ति फिलिंग स्टेशन, सुक्खीपुर, मे0 गिरिजा एण्ड सन्स, जौनपुर, मे0 राजेश्वरी सर्विस स्टेशन, जौनपुर तथा मे0 गौतम सर्विस स्टेशन की जांच की गयी। इसी प्रकार तहसील–मछलीशहर अन्तर्गत कार्यरत 05 पेट्रोल पम्पों क्रमशः मे0 अन्नपूर्णा फिलिंग स्टेशन, मे0 शगुन फिलिंग स्टेशन, मे0 प्रसाद फिलिंग स्टेशन, मे0 शैलपुत्री फिलिंग स्टेशन एवं मे0 सत्य नारायण फिलिंग स्टेशन की जांच की गयी। उक्त जांच में पेट्रोल पम्पों पर घटतौली एवं अपमिश्रण का कोई तथ्य प्रकाश में नहीं आया। जनपद में पेट्रोलध्डीजल पम्पों की जांच निरन्तर जारी रहेगी।

## मानव एकता दिवस पर होगा उत्साहपूर्वक रक्तदान

जौनपुर । बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में उनकी शिक्षाओं से निरंतर प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर संपूर्ण विश्व में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 24 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक, संत निरंकारी सत्संग भवन ब्रांच दुर्गापार सिकरारा, जौनपुर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।' इस शिविर में मिशन के श्रद्धालुओं द्वारा पूरे उत्साह के साथ बढ़–चढ़कर रक्तदान किया जाएगा। रक्त एकत्रित करने हेतु सदर अस्पताल से डॉक्टरों की एक टीम भी उपस्थित होगी। यह जानकारी देते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जयसवाल ने आगे बताया की इस अवसर पर संपूर्ण भारत वर्ष के लगभग 265 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 40,000 से 50,000 यूनिट रक्त संकलित किये जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त उसी दिन थैलेसिमिया से संबंधित जांच की सुविधा भी समालखा एवं कुछ स्थानों पर उपलब्ध करवाई जायेगीय जिसमें 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के सभी व्यक्ति लाभान्वित हो सकेंगे।

## पांच कायस्थों के निधन पर जताया षोक

जौनपुर। संगत पंगत कायस्थ समाज के सदस्यों की एक बैठक मंगलम लान मियांपुर में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने व संचालन सुलभ श्रीवास्तव ने किया। बैठक में जनपद के पांच कायस्थ परिवार दुःखद घटना में टीचर्स कॉलोनी निवासी अशोक श्रीवास्तव हाइडिल, ओलंदगंज निवासी हरिमोहन श्रीवास्तव कटघरा निवासी श्रीमती विंध्यवासिनी श्रीवास्तव ग्राम हैदरपुर डीहीया निवासी त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव अहमद खां मंडी निवासी श्रीमती रीना श्रीवास्तव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और कहा गया की इस दुःख की घड़ी में संगत पंगत परिवार साथ है। संरक्षक नीलमणि श्रीवास्तव ने कहा की कुछ दिनों के अंदर पांच लोगों के देहांत से समाज मर्माहत हैं |संरक्षक रवि श्रीवास्तव व संरक्षक प्रदीप श्रीवास्तव डीओ , ने कहा की इस दुःख के घड़ी में हम सब साथ है |लोगो ने मृतक लोगो के प्रति भावभीनी श्रंद्धाजलि अर्पित किया और मृतको के आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। श्रंद्धाजलि अर्पित करने वालो में संरक्षक सरस चन्द श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव अशोक अस्थाना विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक , अंकित श्रीवास्तव , अनीश श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया आदि लोग रहे।

## विद्यार्थियों के मन को बांधने की जरूरतः कुलपति

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्युत अभियंत्रण विभाग, अभियांत्रिक एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में किया गया। इसका विषय था, आउटकम बेस्ड एजुकेशन,कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर विक्रम सिंह ने कहा कि जो शिक्षक पढ़ाता है वह आउटकम नहीं है विद्यार्थी जो समझ कर दूसरे को बताता है वह आउटकम होता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, कौशल और मनोदृष्टि तीन महत्वपूर्ण घटक हैं। इसी के माध्यम से सकारात्मक और गुणवत्तापरक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। उनका मानना है कि शिक्षा की गुणवत्ता में वातावरण, प्रक्रिया, शिक्षार्थी , विषयवस्तु बहुत ही सहायक हैं। उद्घाटन सत्र में बतौर अध्यक्ष विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शिक्षक और शिक्षार्थी को ईमानदार बनाने के लिए परिणाम आधारित शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो हम सीखते हैं उसे अपने जीवन और समाज में उतारें तभी शिक्षा की सही उपयोगिता दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अपने पाठ्यक्रम को गुणवत्तापरक बनाने की डिजाइन के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए संस्थान, कोर्स, टीचर, विद्यार्थी, योग्य विद्यार्थी बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कक्षा में विद्यार्थियों के मन को बांधने की जरूरत है तभी उसका मस्तिष्क काम करेगा और शिक्षा का आउटकम निकलेगा |इसके पूर्व इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कार्यशाला की रूपरेखा रखी। आइक्यूएसी के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. धर्मेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रजनीश भास्कर ने किया। कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो. मुनीश वशिष्ठ, प्रो. आशुतोष दीक्षित, प्रो. वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. रामनारायण, प्रो. एके श्रीवास्तव, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ.प्रदीप कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, पूनम सोनकर, सौरभ कुमार, अनुराग सिंह, मनीष कुमार गुप्ता समेत सभी शिक्षक मौजूद थे।

## शासन के निर्देशानुसार सरकारी भूमियों पर किये गये भू0माफियों के अवैध कब्जों को हटवाया गया

मोहम्मदी खीरी। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के अर्न्तगत ग्रामों का भम्रण कर अवैध कब्जे हटवाने की नियमानुसार कार्यवाही की गयी, जिसके अर्न्तगत ग्राम साहबगंज ग्रंट में मिट्टी निकलने का स्थान गाटा संख्या 1502 पर अवैध कब्जा पाया गया, जिसको क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा मौके पर ही पैमाइस कर कब्जा मुक्त कराया गया, इसके साथ ही ग्राम मुल्लापुर में चकमार्ग गाटा संख्या 631 व 1203 से अवैध अतिक्रमाणियों से चकमार्ग खाली करवाया गया। इसी तरह ग्राम इब्राहिमपुर के चकमार्ग संख्या 1108 को कब्जा मुक्त कराया गया।

ग्राम काशीपुर में भी टीम द्वारा अभियान चलाकर चकमार्ग को खाली करवाया गया। ग्राम भगनापुर व दिलावरपुर में पट्टें की भूमि पर किये गये अवैध कब्जो को हटवाकर भूमिहीन पट्टेदार को उसकी भूमि पर कब्जा दिलवाया गया। ग्राम नयागांव में भी संयुक्त टीम द्वारा चकमार्ग तथा रास्ते की भूमि को खाली करवाया गया। ग्राम बढवारी मॉग में खेल के मैदान की भूमि गाटा संख्या 345 की पैमाइस कर निशानदेही करवायी गयी। टीम द्वारा ग्राम बेलापहाडा में चकमार्ग गाटा संख्या 86 को पैमाइस कर कब्जा मुक्त कराया गया। ग्राम जैती में भी चकमार्ग को खाली करवाया गया। इसी प्रकार नायब तहसीलदार मोहम्मदी हर्ष निशान्त द्वारा ग्राम टेगुन खुर्रमनगर में लेखपाल अनुज मिश्रा के सहयोग से बडी कार्यवाही करते हुये शासकीय भूमि करीब 3.733 हे0 भूमि खाली करवाया गया, जिसमें चरागाह ,खाद के गढढे खलिहान चकमार्ग बंजर व नवीन परती की भूमियों को खाली करवाया गया तथा साथ ही पटटेदारों को उसकी भूमि पर कब्जा दिलवाया गया। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा टीमों को यह भी निर्देश दिये गये है कि इसी प्रकार प्रतिदिन सम्बन्धित लेखपाल अपने क्षेत्रों भम्रण कर शासकीय भूमियों पर किये गये कब्जो को निमयानुसार खाली करवाये।

## स्मार्टफोन को बनाएं कैरियर का आधारः भगवान बक्स सिंह

गोसाईगंज–अयोध्या। शिक्षित व्यक्ति ही समाज में प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकता है। इसलिए इस स्मार्टफोन को मनोरंजक तक सीमित न रखकर इसे कैरियर का आधार बनाकर शिक्षा के क्षेत्र में शिखर तक पहुंचकर महाविद्यालय व प्रदेश का गौरव बढ़ाएं तथा अपने भव्य भविष्य का निर्माण करें। उक्त उद्गार आशा भगवान बक्स सिंह महाविद्यालय पूरा बाजार में स्मार्टफोन वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक भगवान बक्स सिंह ने व्यक्त किया। स्मार्टफोन वितरण में मुख्य अतिथि भगवान बक्स सिंह का प्राचार्य डॉ उदय प्रताप सिंह डॉ नील मणी सिंह डॉ राज प्रताप सिंह डॉ महेंद्र यादव ने भी सहयोग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उदय प्रताप सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## बाइक सवार नकाबपोश सशस्त्र बदमाशों ने छात्र को लूटा

### नई बाईपास रोड की है घटना. पुलिस कर रही है घटना से इंकार

गोला गोकर्णनाथ खीरी |शहर की नई बाईपास रोड पर कोठी भट्ठा के करीब एक छात्र से नकाबपोश बाइक सवार सशस्त्र बदमाशों ने उसका मोबाइल और ध200 की नगदी लूट ली। लूट की वारदात से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई है |नीमगॉव थाना क्षेत्र के ग्राम भीखमपुर निवासी इंदु कुमार पांडे का बेटा कुशाग्र पांडे सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। और वह पढ़ाई करने के लिए शहर से सटे ग्राम भुसौरिया में किराए पर कमरा लेकर रह रहा है। कुशाग्र का कहना है कि बुधवार को गांव जाना चाहता था। गोला से उसके गांव के लिए एक ही रिक्शा जाता है। इसलिए वह शाम लगभग 7 कमरे से निकला और मोहम्मदी रोड पर नदी के पास जा रहा था कि नई बाईपास रोड पर कांशीपुरम और कोठी ईंट भट्ठा के बीच रोड पर पहुंचा तभी बिना नंबरों की एक स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने उसे रोक लिया और तमंचा लगाकर उसका एंड्राइड मोबाइल फोन लूट लिया। जिसकी कीमत ध15000 बताई गई है। कुशाग्र का कहना है कि बदमाशों ने फिर उसकी तलाशी ली उसके जेब में ध200 रखे थे। वह भी निकाल लिए और फरार हो गए। घटना की सूचना शाम को ही पुलिस को दी गई थी |मजे की बात यह है कि एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस भी शहर में पैदल गस्त का दिखावा कर रही है, फिर भी बदमाश अपने काम को अंजाम देकर सफल हो रहे हैं। अभी पिछले दिनों बदमाशों ने पुरानी मिल बाईपास से मोहल्ला राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी सज्जन खा के ऑटो में बैठकर तहसील की तरफ ले गए थे और उसे नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसका ऑटो ही लेकर चंपत हो गए थे।

इस संबंध में जब नानक चौकी प्रभारी उपेंद्र भदौरिया से जानकारी की तो उनका कहना है कि उनके क्षेत्र में लूट की किसी भी घटना की जानकारी नहीं है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर.न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# बीमारियों का कारण बनती हैं टॉयलेट की गंदगी, इन तरीकों से करें इसकी सफाई



टॉयलेट साफ करना थोड़ा गन्दा लगता है लेकिन यह बहुत जरुरी है। यह अच्छा है की टॉइलेट साफ करना बहुत मुश्किल काम नहीं है। लेकिन सही तरीके टॉयलेट साफ नहीं किया जाये तो बैक्टीरिया और वाइरस पैदा होकर परेशानी बढ़ा सकते हैं। सही तरीके से टॉयलेट साफ करने से समय भी बचता है और थकान भी नहीं होती। आइये जानते हैं टॉयलेट की सफाई कैसे करें।

–टॉयलेट में कमोड के आस पास कुछ रखा हो तो उसे वहां से हटा दें।कमोड के चारों तरफ तथा पैर रखे जाने वाली जगह पर हार्पिक या अन्य टॉयलेट क्लीनर डाल दें और इसे ब्रश से फैला दें।

–अब कमोड के अंदर सबसे ऊपर की तरफ लाइन बनाते हुए क्लीनर डालें ताकि क्लीनर रिसते हुए पूरे कमोड में फैल जाये और अंत वाले गड्ढे तक चला जाये। थोड़ा क्लीनर गड्ढे के चारों और लाइन बनाते हुए डाल दें।इसे 10 –15 मिनट ऐसे छोड़ दें।

इंडियन टॉयलेट साफ करने का तरीका

– अब ब्रश से पहले कमोड से बाहर की तरफ घिस दें। जिद्दी दाग हो तो उन पर थोड़ा क्लीनर डाल कर घिसें। कमोड के अंदर और कमोड के बाहर घिसने के लिए अलग ब्रश काम में लेना ठीक रहता है ताकि गड्ढ़े के अंदर की गन्दगी कमोड से बाहर नहीं आये।

–अब कमोड के अंदर ऊपरी हिस्से को घिसते हुए नीचे की तरफ और अंत में गड्ढे के अंदर अच्छे से ब्रश से घिस दें। गड्ढे में ब्रश इस तरह चलायें की गड्ढा जितना संभव हो आगे तक साफ हो जाये। इसके लिए आगे से मुड़ा हुआ अलग तरह का ब्रश बाजार में मिलता है। इसमें भी दो तीन तरह के ब्रश उपलब्ध है। आप अपनी सुविधा और पसंद के अनुसार ले सकते हैं। स्टैंड वाले ब्रश भी आते हैं इससे भी सुविधा बढ़ जाती है।

–अब पानी डालकर थोड़ा ब्रश चलाते हुआ कमोड के बाहर धो लें यह सारा पानी कमोड में चला जायेगा फिर कमोड के अंदर दूसरा ब्रश चलाते हुए पानी डालकर धो लें। पानी इतना डालें की टॉयलेट पूरा साफ हो जाये और साथ ही ब्रश भी साफ हो जाये।

–टॉयलेट साफ कितने दिन में करना चाहिए

इंडियन टॉयलेट में पेशाब करने पर कितना भी ध्यान रखें पेशाब कमोड से बाहर फैलता ही है। लेकिन इस वजह से काले छोटे धब्बे तो नहीं बनते पर पेशाब बाहर फैलने के कारण जल्द ही बदबू आने लगती है।फ्लश करने से अंदर कमोड की सफाई तो हो जाती है लेकिन बाहर की तरह फैला हुआ पेशाब बदबू मारता है। इसलिए दिन में एक बार सादा पानी डाल कर थोड़ा स्क्रेपर या ब्रश फिरा कर साफ कर देना चाहिए।क्लीनर डाल कर सप्ताह में दो बार सफाई की जा सकती है या जब भी टॉयलेट गन्दा लगे तब कर सकते हैं।टॉयलेट सही तरीके से काम में लेने पर और पर्याप्त मात्रा में पानी प्रेशर से डालने पर टॉयलेट साफ करने की अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। इसके लिए घर के सभी सदस्य को टॉयलेट ध्यान पूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए।

वेस्टर्न टॉयलेट साफ करने का तरीका

कमोड के आस पास कुछ रखा हो तो उसे हटा लें। फ्लश चला दें। क्लीनर लगा दें। रिम के पास ऊपर से तथा अंदर गड्ढे के चारों तरफ लाइन बना कर क्लीनर डालकर छोड़ दें। ढक्कन और सीट के अंदर और बाहर दोनों तरफ क्लीनर लगा दें।ढक्कन और सीट पर अंदर की तरफ कुछ धब्बे हो सकते हैं , उन्हें क्लीनर लगा कर थोड़ा घिस दें। ढ़क्कन और सीट के कब्जे के आस पास क्लीनर लगा कर घिसें। 10 –15 मिनट बाद पानी से धो दें साथ में ब्रश भी चला दें ताकि ब्रश भी साफ हो जाये। हो सके तो कमोड के अंदर और बाहर के लिए अलग अलग ब्रश काम में लें। बाहर की तरफ से ढक्कन , टैंक और कमोड को सूखे कपड़े से पोंछ दें। इसके बाद आस पास के फर्श की धोकर सफाई कर दें।

## हुमा कुरैशी ने ऐसी ड्रेस पहन खिंचवाई तस्वीरें, सिजलिंग लुक से इंटरनेट का पारा किया हाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपने किलर लुक्स से फैंस के दिलों में खलबली मचा देती हैं. एक बार फिर उन्होंने ऐसा फोटोशूट करवाया है, जिसकी फोटोज इंटरनेट पर जमकर



वायरल हो रही हैं. हुमा ने बेहद छोटी ड्रेस में अपनी तस्वीरें शेयर कर दी हैं, जिसे देखकर फैंस की धड़कनें बढ़ गई हैं. हुमा कुरैशी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनका बेहद हॉट लुक नजर आ रहा है. हुमा कुरैशी ने रेड कलर की हॉल्टर नेक ड्रेस पहनी है, जो बहुत शॉर्ट है. उन्होंने गोल्डन नेकलेस और कानों में खूबसूरत ईयररिंग्स पहने हैं, जो उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट दे रहे हैं. कैमरे के सामने हुमा ने अपने सेक्सी लेग्स फ्लॉन्ट किए हैं और हॉट पोज देकर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है. हुमा की इन तस्वीरों को खूब लाइक और शेयर किया जा रहा है. फैंस ने कमेंट सेक्शन में फायर इमोजी की बरसात कर दी है. अभिनेत्री हुमा कुरैशी पीयूष गुप्ता द्वारा निर्देशित आगामी बायोपिक तरला में भारत की पहली होम शेफ तरला दलाल की भूमिका निभाएंगी। हुमा कहती हैं कि तरला दलाल मुझे अपने बचपन की याद दिलाती है। मेरी माँ के पास रसोई में उनकी किताब की एक कॉपी थी और वह अक्सर मेरे स्कूल के टिफिन के लिए उनके द्वारा बताए गए कई व्यंजनों को बनाती थीं। मुझे वह समय भी स्पष्ट रूप से याद है जब मैंने माँ को तरला दलाला की रेसपी घर का बना मैंगो आइसक्रीम बनाने में मदद की थी। इस भूमिका ने मेरी बचपन की उन मीठी यादों को ताजा कर दिया है। मैं रॉनी, अश्विनी और नितेश की बहुत आभारी हूं कि मुझ पर इस विस्मय को निभाने के लिए विश्वास किया।




## कभी ईद कभी दिवाली में सलमान के भाई का किरदार निभाएंगे आयुष शर्मा



पिछले साल रिलीज हुई अंतिमरू द फाइनल टूथ में सलमान खान और उनके बहनोई आयुष शर्मा साथ दिखे थे। इन दोनों की जोड़ी पर्दे पर काफी सहज लगी थी। ये अलग बात है कि फिल्म उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाई। अब ऐसी चर्चा है कि ये दोनों कभी ईद कभी दिवाली के लिए फिर साथ आने वाले हैं। इस फिल्म में आयुष सलमान के भाई की भूमिका में नजर आएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कभी ईद कभी दिवाली में आयुष सलमान के भाई की भूमिका में दर्शकों से मुखातिब होंगे। सलमान के फैंस के लिए यह खबर किसी तोहफे से कम नहीं होगी। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म में सलमान के तीन ऑनस्क्रीन भाई नजर आएंगे, जिनमें से एक भाई की भूमिका निभाने के लिए आयुष को अप्रोच किया गया है।

इस फिल्म में अभिनेता जहीर इकबाल भी दिखाई देंगे, जिन्हें सलमान ने नोटबुक में लॉन्च किया था। माना जा रहा है कि जहीर फिल्म में सलमान के तीसरे भाई की भूमिका अदा करेंगे। फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी कर रहे हैं। वहीं, इसे सलमान ही प्रोड्यूस करेंगे। पहले इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करने वाले थे, लेकिन अब किन्हीं वजहों से उन्होंने खुद को प्रोजेक्ट से अलग कर लिया है। कहा जाता है कि जब साजिद इस फिल्म का निर्माण कर रहे थे, तो उन्होंने भाइयों की भूमिकाओं के लिए अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े जैसे कलाकारों पर विचार किया था। हालांकि, उनके नाम पर सहमति नहीं बन पाई।

कभी ईद कभी दिवाली में साउथ स्टार वेंकटेश और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। फिल्म में 56 वर्षीय सलमान पहली बार 31 वर्षीया अभिनेत्री पूजा के साथ रोमांस करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी काफी हद तक सलमान के परिवार से प्रेरित लगती है। इसमें एक ऐसे परिवार की कहानी होगी, जिसमें ईद और दिवाली दोनों त्योहार मनाए जाते हैं। फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज हो सकती है।

आयुष ने लवयात्री से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। फिल्म का प्रोडक्शन सलमान ने ही किया था। आयुष आने वाले दिनों में करण बुटानी की चथा में नजर आएंगे। सलमान मास्टर की हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं। टाइगर 3 में भी सलमान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म में एक बार फिर कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी नजर आएगी। वह शाहरुख खान की पठान में भी अपना जलवा बिखेरते दिखेंगे।

## केजीएफ चौप्टर 2 की सफलता पर बोलीं रवीना टंडन

अभिनेत्री रवीना टंडन केजीएफ चौप्टर 2 की सफलता आनंद ले रही हैं। वह कहती हैं कि फिल्म में अपने किरदार के लिए मिली



सराहना के लिए वह विनम्र और आभारी हैं। अपने प्रशंसकों से मिले प्यार के बारे में बात करते हुए, सुपरस्टार रवीना टंडन ने कहा कि हर किसी से इतना प्यार पाकर दिल खुश हो जाता है। मैं रमिका सेन के रूप में मिली सराहना के लिए विनम्र और आभारी हूं। रवीना ने कहा कि वह मजबूत महिला है और बहुत अनुशासन और शक्ति का अनुभव करती है। स्क्रीन पर इस किरदार को करने में मजा आया। इस यात्रा में शामिल सभी लोगों की मैं आभारी हूँ। रवीना अगली बार रोमांटिक कॉमेडी घुड़चड़ी में नजर आएंगी।

## कूकर को इस्तेमाल करते समय रखें इन 5 बातों का ध्यान



खाना बनाने के बर्तनों में से प्रेशर कूकर सबसे महत्वपूर्ण बर्तन है, जिसका ढक्कन बंद करने के बाद आपको न तो चम्मच हिलाने की जरूरत पड़ती है और न ही बार–बार यह देखना पड़ता है कि खाना पका या नहीं। बस सीटी के हिसाब से अंदाजा लग जाता है कि खाना तैयार है। हालांकि इसके साथ भी कुछ समस्याएं व दुविधाएं रहती ही हैं। क्या आपको आपके कूकर का सही इस्तेमाल करना आता है। अगर नहीं तो हम आपकी मुश्किल आसान कर देते हैं और आपको बताते हैं कूकर के इस्तेमाल का सही तरीका। कूकर को जबरदस्ती न खोलेंः प्रेशर कूकर में खाना पकाते समय इसमें भाप बन जाता है। जब गैस को बंद किया जाता है उसके बाद भी कुछ देर तक भाप कूकर में ही रहती है लेकिन कई लोग इसमें से प्रेशर निकलने का इंतजार नहीं करते और इसे जबरदस्ती खोलने की कोशिश करते हैं जिससे कई बार कूकर फट सकता है। ऐसे में हमेशा अच्छे से भाप निकलने के बाद ही इसे खोंले। कूकर से पानी बाहर आनाः कई बार ऐसा होता है कि प्रेशर कूकर से पानी बाहर निकल आता है और यह इतना गर्म होता है कि शरीर पर पड़े इसके छींटों से त्वचा लाल हो जाती है। इसकी वजह प्रेशर कूकर में पानी की मात्रा का अनुपात नहीं होना होता है। खाने की तुलना में पानी ज्यादा हो तो कूकर से पानी बाहर निकलता है। ऐसा करने से खाना भी स्वादहीन हो जाता है। इससे बचने के लिए पानी की मात्रा का सही अंदाजा लगाना सीखें। प्रेशर कूकर में दरारः कूकर जब काफी पुराना हो जाता है तो उसमें दरारें या गढ्ढे पड़ जाते हैं जिसे इस्तेमाल करने से नुकसान हो सकता है। इसके लिए हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि कूकर अच्छी तरह साफ हो और उसमें कोई दरार न हो। हर चीज कूकर में उबालने की नहीं होतीः कई लोग हर चीज प्रेशर कूकर में ही उबालते हैं। जबकि हर चीज का अपना रूप और पकने का अपना तरीका होता है। कूकर में अनाज और कुछ सब्जियों को तो उबाला जा सकता है, लेकिन हर चीज को नहीं। बंद करने का तरीकाः कूकर को हमेशा सही तरीके से बंद करें जिससे भाप सही तरीके से बन जाए और खाना भी अच्छे से पके। कई कूकर की रबड़ खराब होती है जिससे उसमें खाना पकाने में बहुत समय लगता है। ऐसे में नया कूकर लें नहीं तो उसकी रबड़ बदलवाएं।